mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-178 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

28 जून 2024 शुक्रवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



सूर्यकुमार को ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन से मिलने अगले महीने रूस जा सकते हैं पीएम मोदी

● अमेरिका को लगी मिर्ची,भारत और रूस की पार्टनरशिप पर जताई चिंता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुलाई की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ व्यापक बातचीत करने के लिए मॉस्को की यात्रा कर सकते हैं। राजनयिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उनकी यात्रा की खबर सामने आते ही अमेरिका चिढ़ गया है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने बुधवार को कहा कि सैन्य और टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में भारत और रूस की



पार्टनरशिप को लेकर अमेरिका चिंतित है। उन्होंने हालांकि भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने में विश्वास और भरोसा भी जताया है। उनसे जब पूछा गया कि क्या रूस के साथ भारत की महत्वपूर्ण सैन्य और टेक्नोलॉजी साझेदारी को देखते हुए भारत के साथ संवेदनशील टेक्नोलॉजी को साझा करने को लेकर अमेरिका में चिंताएं हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच पूर्ण और स्पष्ट संवाद है। हम प्रमुख देशों के साथ अपने आपसी संबंधों पर चर्चा करते हैं और उनमें रूस के साथ भारत के संबंध भी शामिल हैं।

### सैम पित्रोदा को कांग्रेस में फिर मिली बड़ी जिम्मेदारी

● चुनाव के समय विवादित बयानों के बाद दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सैम पित्रोदा को कांग्रेस में एक बार फिर से अहम जिम्मेदारी दी गई है। पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का चेयरमैन बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के समय विवादित बयानों के बाद सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन बुधवार को उन्हें



दोबारा इसी पद पर नियुक्त किया गया है। पित्रोदा ने इस साल मई में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि भारतीयों की शक्ल-सूरत को लेकर उनकी टिप्पणी विवादों में घिर गई थी। कांग्रेस पार्टी ने तब पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पित्रोदा के पद छोड़ने के फैसले की जानकारी दी थी। पोस्ट में कहा गया था, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन पद से हटने का फैसला किया है।

# आपातकाल का जिक्र, पेपर लीक पर ऐक्शन का भरोसा

● राष्ट्रपति के अभिभाषण में दिखा मोदी सरकार का विजन ● महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के बारे में की बात

### सेनाओं में किया सुधार का दावा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के विजन को सामने रखा। राष्ट्रपति ने अभिभाषण के दौरान इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी,संविधान, किसानों, युवाओं, महिलाओं और प्रमुखता से पिछड़े वर्ग के मुद्दों को उठाया। राष्ट्रपति ने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में सरकार ने काफी प्रगति हासिल की है और भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने सेना का भी जिक्र किया और पूर्वोत्तर राज्यों के विकास पर भी बात की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 18वीं लोकसभा कई मायनों में ऐतिहासिक लोकसभा है। इस लोकसभा का गठन अमृत काल के शुरुआती सालों में हुआ था। यह लोकसभा देश के संविधान को अपनाने के 56वें वर्ष की भी गवाह बनेगी। आने वाले सत्रों में यह सरकार अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है।

### गरीब, युवा, महिलाएं और किसान होंगे सशत


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत इस इरादे के साथ काम कर रहा है कि एक भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। सरकारी योजनाओं की वजह से ही पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं। सरकार सरकार दिव्यांग भाई-बहनों के लिए किफायती और स्वदेशी उपकरण तैयार कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब देश के गरीब, युवा, महिलाएं और किसान सशक्त होंगे।

### सशक्त भारत के लिए सेनाओं में आधुनिकता आवश्यक

सरकार एक और फैसला लेने जा रही है, 70 साल से ज़्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। पिछले 10 सालों में कई ऐसे सुधार किए गए हैं, जिनका आज देश को फायदा हो रहा है। जब ये सुधार किए जा रहे थे, तब इनका विरोध हुआ था लेकिन ये सभी सुधार समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभिभाषण के दौरान कहा कि सशक्त भारत के लिए हमारी सेनाओं में आधुनिकता आवश्यक है।

### बीजेपी के वरिष्ठ नेता आडवाणी को एस से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को एम्स से छुट्टी मिल गई है। पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी को बुधवार देर रात अस्पताल में एडमिट कराया गया था। रिपोर्ट के अनुसार उनके परिवार का कहना था कि 96 वर्षीय आडवाणी को उम्र से



संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पातल में भर्ती कराया गया। देर रात उनकी हालत स्थिर बनी हुई थी। आडवाणी को जरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर की निगरानी में रखा गया था। लालकृष्ण आडवाणी उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस कारण घर पर ही उनका समय-समय पर चेकअप किया जाता है।

# नीट पेपर लीक केस में सीबीआई ने की पहली गिरफ्तारी



पटना/रांची (एजेंसी)। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया। मनीष ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडीडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले दो दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक पांच राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं। इधर, दोपहर 1 बजे सीबीआई की टीम पटना की बेऊर जेल पहुंची। जहां आरोपी चिंटू और मुकेश का मेडिकल कराया और दोनों 8 दिन की रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि टीम दोनों को अलग-अलग लोकेशन पर ले जाकर पूछताछ करेगी।

● पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष अरेस्ट

● दोनों ने प्ले स्कूल बुक कराया, यहीं सवाल रटाए

# भारत में ही होगा एस-400 मिसाइल सिस्टम का मेंटीनेंस

### रूस से हुई बड़ी डील, भारतीय कंपनी और अल्माज-एंटे में समझौता

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस से खरीदे गए एस-400 मिसाइल सिस्टम की मेंटीनेंस का काम अब भारत में किया जाएगा। भारत ने रूस से 5.4 अरब डॉलर में एस-400 मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट की खरीद की थी। इनमें से 3 की डिलीवरी हो चुकी है, जबकि दो को रूस ने रोक दिया है। बताया गया था कि रूस, भारत के लिए बनाए गए एस-400 सिस्टम का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। ऐसे में इन सिस्टम्स की डिलीवरी के बाद इनके मेंटीनेंस के लिए एक सेटअप भारत में स्थापित किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब रूस एस-400 मिसाइल सिस्टम के लिए अपने देश से बाहर कोई मेंटीनेंस फैसिलिटी स्थापित करेगा। रूस ने एस-400 को भारत के अलावा चीन और तुर्की को भी बेंचा है। सूत्रों ने स्पुतनिक इंडिया को बताया कि एक बार जब एस-400 के सभी पांच स्क्वाड्रन भारतीय वायुसेना को मिल जाएंगे, तो भारत में इस एयर डिफेंस सिस्टम के पुर्जों के निर्माण की तैयारी की जाएगी। भारतीय रक्षा उद्योग के एक उच्च पदस्थ सूत्र के अनुसार, भारत में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक भारतीय कंपनी और रूसी निर्माता अल्माज-एंटे के बीच समझौता लगभग अंतिम रूप ले चुका है। यह भारतीय और रूसी कंपनियों के बीच एक संयुक्त उद्यम होगा।



### अखिलेश का पीएम पर तंज, कहा-सेंगोल को प्रणाम करना भूले

अनुप्रिया पटेल का जवाब-जब संसद में लगा, तब कहां थे, सेंगोल पर फिर विवाद



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद में सेंगोल पर एक बार फिर से विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार को संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पीएम मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि जब पहली बार सेंगोल लगा था, तो प्रधानमंत्री ने इसे प्रणाम किया था। लेकिन इस बार शपथ के दौरान प्रणाम करना भूल गए, इसी को याद दिलाने के लिए हमारे सांसद ने ये बयान दिया। अखिलेश के बयान के बाद केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी का जवाब आया है। अनुप्रिया ने पूछा-जब संसद में सेंगोल स्थापित हुआ, तब सपा सांसद कहां थे। बुधवार को मोहनलालगंज से सपा सांसद आरके चौधरी ने संसद से सेंगोल हटाने की मांग की थी। उन्होंने स्पीकर को लेटर लिखकर कहा था कि सेंगोल राजदंड, राजतंत्र का प्रतीक है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है। किसी राज-रजवाड़े का महल नहीं। इसलिए, संसद से सेंगोल हटाकर संविधान की विशाल प्रति लगवानी चाहिए। सेंगोल पर सपा सांसद आरके चौधरी के बयान पर केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, उन्होंने क्या सोच रखा है कि रोज कुछ ऐसी संसेशनल बात बोलनी है कि हम चर्चा में आ जाएं। इन बातों का कोई अर्थ नहीं है।

# चुन-चुनकर आतंकियों का खात्मा कर रही भारतीय सेना

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन को किया ढेर, ऑपरेशन जारी

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। माना जा रहा है कि



ये आतंकवादी घाटी में सेना और पुलिस पर हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से अमेरिका निर्मित एम 4 कार्बाइन सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि पुलिस को आज सुबह तलाशी अभियान के दौरान तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। पिछले सप्ताह डोडा और राजौरी, पुंछ क्षेत्रों में सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों के बाद आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अभियान तेज कर दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ अभी भी जारी है। सूत्रों ने बताया कि माना जा रहा है कि मुठभेड़ स्थल पर तीन से चार आतंकवादी फंसे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों की मदद से पुलिस ने अभियान चलाया।

### 10 साल से खोज रहा हूं कोई लड़की हां नहीं बोलती

● दुखी किसान ने अब सरकार से लगाई शादी की अर्जी

**कोप्पल (एजेंसी)।** कर्नाटक के कोप्पल जिले में सार्वजनिक शिकायत निवारण केंद्र में पहुंचे एक किसान ने जिला प्रशासन के सामने अजीब दरख्वास्त रख दी। उसने जिला आयुक्त से कहा कि उसे शादी के लिए दुल्हन नहीं मिल रही है। सरकार से निवेदन है कि वह इस काम में उसकी मदद करे।



किसान ने बाकायदा अपने लिए दुल्हन खोजने के लिए जिला आयुक्त को लिखित में पत्र भी सौंपा। किसान का कहना है कि वह 10 साल दुल्हन खोज रहा है और अब तक जितनी भी लड़कियां उसे मिलीं है, कोई उससे शादी करने को तैयार नहीं है। सार्वजनिक शिकायत निवारण कार्यक्रम के दौरान एक किसान संगप्पा ने प्रशासन के अधिकारियों से उसके लिए दुल्हन ढूंढ़ने में मदद करने का निवेदन किया है।

# उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेज सकती है बीजेपी! तैयारी

### विधानसभा चुनाव से पहले बनाया जातीय गणित साधने का पूरा प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेज सकती है। ऐसी अटकलें हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कुशवाहा समाज को जोड़ने की कोशिश में बीजेपी ऐसा प्लान बना रही है। ऐसी चर्चा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में बीजेपी की जमीन खिसकने का एक अहम कारण जातीय गणित का योजनाबद्ध प्लान नहीं बना पाना था लेकिन आगे के चुनावों में बीजेपी इस गलती को दोहराना नहीं चाहती है। बिहार में कुशवाहा समाज की अच्छी संख्या है और उपेंद्र कुशवाहा की पकड़ भी काफी मजबूत मानी जाती है। फिलहाल बीजेपी की ओर से आधिकारिक तौर पर इस अटकल पर कुछ भी नहीं कहा गया है। उपेंद्र कुशवाहा को काराकाट लोकसभा से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें बिहार और खासकर कुशवाहा समाज का बड़ा नेता माना जाता है। ऐसे में बीजेपी उन्हें राज्यसभा भेज दे तो पार्टी को विधानसभा चुनाव में फायदा हासिल हो सकता है।



देश की 10 राज्यसभा सीटें भी खाली हो चुकी हैं। इनमें से दो सीटें बिहार की भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुशवाहा समाज की बिहार में 4.2 प्रतिशत आबादी है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा की राह आसान हो जाती है। काराकाट लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन से सीपीआई एमएलएल के राजा राम सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा को मात दे दी थी।

# मिशन चंद्रयान-4 की तैयारी में जुटा इसरो



● दो हिस्सो में होगा लांच,अंतरिक्ष में ही जोड़े जाएंगे दोनों हिस्से

### साल 2028 तक लॉन्च हो सकता है भारत का चंद्रयान-4 मिशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने भारत के महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-4 को लेकर बड़ी बात बताई है। उन्होंने बुधवार को बताया कि चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने वापस लाने के लिए बनाया गया है। इसे एक बार में नहीं, बल्कि दो अलग-अलग रॉकेट लॉन्च करके अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। फिर अंतरिक्ष में ही इन दोनों भागों को जोड़कर चंद्रयान-4 को पूरा बनाया जाएगा और उसके बाद ही चांद की तरफ भेजा जाएगा। इतना ही नहीं, देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन को बनाने में भी इसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा यानी उसके हिस्सों को एक बार में नहीं, बल्कि कई बार में भेजा जाएगा। उन हिस्सों को अंतरिक्ष में ही जोड़कर अंतरिक्ष स्टेशन बनाया जाएगा। देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन का नाम भारत अंतरिक्ष स्टेशन होगा। चंद्रयान-4 को दो हिस्सों में इसलिए लॉन्च किया जाएगा क्योंकि यह इतना भारी है कि इसे किसी भी रॉकेट में एक साथ नहीं ले जाया जा सकता है।

### कोई मिल गया...

# अंतरिक्ष में अब मिल जाएंगे एलियन!

### वैज्ञानिकों ने खोजी दुर्लभ ग्रीनहाउस गैस, दूसरे ग्रहों पर जीवन का है संकेत



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** एलियन होने को लेकर हमारे दिमाग में हमेशा से सवाल रहा है। अब वैज्ञानिकों ने एलियन को खोजने से जुड़ा एक नया शोध जारी किया है। वैज्ञानिकों ने ग्रीनहाउस गैसों के एक समूह की पहचान की है, जो किसी ग्रह पर जीवन होने का संकेत दे सकते हैं। इसका इस्तेमाल उन्नत एलियन सभ्यताओं की तलाश के लिए एक मार्कर के रूप में किया जा सकता है। ग्रीनहाउस गैसें दूसरे ग्रहों को रहने लायक बना सकती हैं। हमारे लिए ये गैसें खराब हैं, क्योंकि गर्मी को और नहीं बढ़ाना चाहते।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 जुलाई तक चलेगा अभियान, 20 स्थानों पर और लगेंगे शिविर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मुरैना शहर में बकाया बिल राशि जमा करने के लिये शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुरैना-प्रथम संभाग के अन्तर्गत गणेशपुरा जोन मुरैना शहर जोन एवं दत्तपुरा जोन में विभिन्न जगहों पर शिविर लगाये जा रहे है। अभी तक यहां पर कुल 6 शिविर लगाये जा चुके हैं। इनमें कुल बकाया राशि लगभग 21 लाख प्राप्त किये जा चुके हैं। यहां 26 जून से 15 जुलाई 2024 तक कुल 20 जगहों पर और शिविर लगाये जायेंगे। इसी प्रकार मुरैना-द्वितीय संभाग, अम्बाह संभाग एवं सबलगढ़ संभाग के नगरीय क्षेत्रों में भी बकाया बिल प्राप्त करने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक दिन बकाया राशि जमा करने के लिये उपभोक्ताओं से मुनादी के माध्यम से अपील की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधकों द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक द्वारा बड़े बकायादारों से डोर टू डोर जाकर बकाया राशि जमा करने के लिये प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। कलेक्टर मुरैना के निर्देशानुसार सभी संभागों से बड़े बकायादारों की सूची उपलब्ध कराने कहा गया है। अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षा गार्डों के द्वारा प्रत्येक दिन बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदन का अभियान भी चलाया जा रहा है। जांच के दौरान विद्युत चोरी के प्रकरण भी बनाये जा रहे है। कंपनी द्वारा सभी उपभोक्ताओं को सलाह दी गयी है कि वह शिविरों का लाभ लेकर अपना बकाया राशि का बिल जमा कर किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचें।

### बाल देखरेख संस्थाओं को नियमित रूप से मिलेगा अनुदान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शीघ्र अनुदान राशि प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग द्वारा ऐसी संस्थाएँ, जिन्हें दो या तीन सालों से अधिक समय से मान्यता दी गयी है और वे बिना किसी अनुदान के संस्था का संचालन कर रहे हैं, ऐसी सभी संस्थाओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में पीएबी की बैठक में अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि बाल देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे अत्यंत संवेदनशील हैं। ऐसे में इन बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं को लंबे समय से अनुदान न मिलने से इन्हें दी जाने वाली सेवाएँ निश्चित तौर पर प्रभावित हुई हैं। अतः यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में इन संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान मिल सके। इसके लिये आवश्यक कार्य-प्रणाली विकसित की जाये। उन्होंने संस्थाओं को भी निर्देशित किया है कि निवासरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले, यह सुनिश्चित किया जाये।

### अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 9 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्र. 123 अमरवाड़ा (अजजा) के लिये भरे गये नाम निर्देशन पत्रों की वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 9 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन बुधवार को 7 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के उप-निर्वाचन में अब 9 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं। अमरवाड़ा में बुधवार, 10 जुलाई को मतदान होगा। मतगणना शनिवार, 13 जुलाई को होगी। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की सुविधा के लिये मतदान दिवस (10 जुलाई बुधवार) को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स?ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित कर दिया है।

### सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव- सामाजिक न्याय मंत्री कुशवाह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज बनाया जा सकता है। श्री कुशवाह ने 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार, भारत सरकार के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नशा मुक्त समाज की पहल की जा रही है। लेकिन इसके बाबजूद नशा मुक्त समाज का निर्माण नहीं हो सका है।

# तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में इंडस्ट्री-एकेडमिक मीट का आयोजन कर उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण करने के साथ अन्य आवश्यक ठोस क्रियान्वयन किए जाएं। विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक प्रयासों एवं नवाचारों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित की जाएं। श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद भी किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन को




स्टार्टअप के लिए इकोसिस्टम बनाने और विद्यार्थियों के नए नवाचारों को उद्योग जगत तक पहुंचाने के लिए श्रेष्ठ कंपनियों को इनक्यूबेशन सेंटर से जोड़ने की दिशा में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर को विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे प्रदेश के अधिकतम विद्यार्थियों के उपयोगी बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर वाइब्रेंट स्टूडेंट सेंट्रिक सेंटर के रूप में स्थापित किया जाए। विद्यार्थियों को डिजी लॉकर की सुविधा प्रदान करने और उन्हें ई-डॉक्यूमेंट्स उपलब्ध कराने को भी कहा। मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में बरगद के पौधे का रोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए परिसर में विद्यावन एवं नवग्रह वाटिका लगाए जाने को भी कहा। विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलगुरू डॉ रूपम गुप्ता, कुलसचिव डॉ. मोहन सेन एवं यूआईटी के निदेशक डॉ. सुधीर भदौरिया सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिए नीति बनाएगी मप्र सरकार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश सरकार महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिए नीति बनाने जा रही है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 28 जून को किया जा रहा है। भोपाल के एक होटल में होने जा रही कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और 45 से ज्यादा विभागों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। कार्यशाला में आए सुझावों के आधार पर बालिकाओं की सुरक्षा, कानून, आजीविका और कौशल विकास के अवसर, जेंडर, पंचायत आदि को लेकर समग्र नीति तैयार की जाएगी। महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रमुख विषय पर आयुक्त महिला बाल विकास सुफिया फारूकी वली, लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण, वैश्विक मुद्दों पर यूएनएफपीए के चीफ जयदीप, महिलाओं और बालिकाओं के नीति निर्देशों पर प्रमुख सचिव संजय शुक्ला, लिंग परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर शोभना बोचले अपने विचार रखेंगी।



कार्यशाला में पहले दिन गुरुवार को महिला एवं बालिकाओं के लिए सशक्तिकरण की योजनाएं, लिंग आधारित भेदभाव, स्वास्थ्य एवं पोषण, महिलाओं और बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा, कौशल विकास आदि विषयों पर समूह चर्चा होगी। अगले दिन सेवानिवृत आइएएस अधिकारी डॉ. मनोहर अगनानी, यूएनएफपीए राजस्थान त्रिशां पारीक, यूनिसेफ से पूजा सिंह तथा यून वूमन की कांता सिंह समूह चर्चा में शामिल होंगी।

## मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करें - राज्य मंत्री श्री पटेल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की। राज्य मंत्री श्री पटेल ने ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अवैध रूप से विक्रय होने वाली ड्रग तथा मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध वृहद स्तर पर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। राज्य मंत्री ने कॉस्मेटिक सामग्रियों में होने वाली मिलावट और भ्रामक विज्ञापन करने वाली कंपनियों पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। उन्होंने खुले तेल एवं मसालों की गुणवत्ता की भी जांच करने के निर्देश दिये। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री मयंक अग्रवाल, संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गरीब आदमी के जीवन में रौशनी लाने के लिये नवाचारी काम करें - जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** हर गरीब आदमी के जीवन में नई रौशनी आये, लोग अपने पैरो पर खडे होकर आत?म निर्भर बनें, इस दिशा में नवाचारी तरीके से काम करने की जरूरत है। जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बुधवार को कलेक्टर सभागार उमरिया में हुई प्रधानमंत्री जन मन योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दिए। बैठक में विधायक बांधवगढ श्री शिवनारायण सिंह, कलेक्टर श्री धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी श्री विवेक सिंह, जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जनजातीय कार्य



मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि भारत सरकार व्दारा बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिये आयुष्मान योजना के माध्यम से पांच लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इलाज में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों की फीस के लिए अलग-अलग मापदण्ड हैं।

इसके लिए कलेक्टर टीम गठित कर अशासकीय स्वास्थ्य संस्थानों की जांच कराएं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि देश की सेवा करते हुए शहीद होने वाले सैनिकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सहायता राशि दी जाती है। अब यह सहायता राशि शहीद की पत्नी के अलावा शहीद के माता-पिता को भी समान रूप से दी जायेगी। जन जातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि उमरिया जिले में बांधवगढ टाईगर रिजर्व क्षेत्र में होम स्टे योजना के क्रियान्वयन की व्यापक संभावनाएं है। प्रायोगिक तौर पर 10 चयनित जनजातीय परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जाये। इन चयनित परिवारों को सब्जी उत्पादन, मछली उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, जैविक खाद उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिया जाए। इसी तरह बांधवगढ टाईगर रिजर्व पार्क मुख्यालय में जन जातीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिये विभिन्न विभागों के सहयोग से ओपन थियेटर की स्थापना की जाये। जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को पार्क में भ्रमण के अतिरिक्त मनोरंजन के अन्य साधन भी सहजतापूर्वक उपलब्ध हो सके।

### बारिश के मौसम में रखें इन बातों का ध्यान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बारिश के दौरान कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा जाए तो कई तरह के व्यवधानों से बचा जा सकता है। घर में एम. सी. बी. (मिनियेचर सर्किट ब्रेकर) स्वीच जरूरी लगाना चाहिए, जिससे घर की बिजली प्रवाह में कोई गड़बड़ी होने पर बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है और जानमाल की हानि को टाला जा सकता है। हर घर में अर्थिंग होना चाहिए जिसकी समय-समय पर जांच करना चाहिए। जहां पर बिजली उपकरण रखे हैं वहां पर सीलन नहीं होनी चाहिए। उनकी वायरिंग गीली जगह पर नहीं होना चाहिए। इसे सुरक्षित होना चाहिए। पशुपालक किसान भाई बारिश के मौसम में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अपने पशुओं को बिजली के खम्बों से नहीं बांधना चाहिए।

### अनुसूचित जाति वर्ग को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए योजनाएं प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वर्ग को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संत रविदास स्व-रोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजनांतर्गत संचालित की जा रही है। हितग्राही योजनांतर्गत पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति भोपाल ने बताया कि भोपाल जिले के शिक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे बेरोजगार युवक एवं युवतियां के स्वरोजगार के लिए म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा 02 योजनाएं प्रारंभ की गई है।

## नशा निवारण दिवस पर शहर की बस्तियों में हुए विभिन्न आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला भोपाल की नवांकुर संस्था सहारा साक्षरता एज्यूकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा भोपाल में संचालित क्रिएटिव लर्निंग सेंटर्स के बच्चों के साथ भोपाल के 11 स्थानों में नशा निवारण जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत ऋषि नगर, चार इमली के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक कर बस्ती में नशे की बुराई बताई तो दुर्गा नगर, कोलार कालोनी के बच्चों ने स्वयं नशा न करने और न ही किसी दूसरे को करने देने का संकल्प लिया। श्याम नगर के बच्चों ने बस्ती के अलग - अलग स्थानों में चौपाल लगवाकर मोबाइल के मध्य से अन्य बच्चों को वीडियों फिल्म दिखाया और नशा न करने की समझाइश दी। आयोजन सहारा साक्षरता एज्यूकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी भोपाल के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जो गुरूवार से लगातार 30 जून तक चलाया जाएगा। सहारा साक्षरता संस्था टीम के सदस्यों द्वारा लगातार अलग - अलग स्थानों स्कूल, कालेज और पंचायतों में नशा निवारण के लिए चौपाल आयोजित करेंगे और जिला प्रशासन सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्त ग्राम, नशा मुक्त नगर बनाने के लिए कार्य करेंगे। इसी क्रम में 28 जून को मीडिया के विधार्थियो और साथियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगें।

बच्चों और बड़ों के अनुभवों को इकट्ठा कर डाक्यूमेंट्री तैयार की जाएगी। जिससे नशे में फसे लोगों को नशे की गिरफ्त से बाहर लाया जा सके और बच्चों को नशे में जाने से पहले ही रोका जा सकें। सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थापक सहारा साक्षरता संस्था के प्रमुख श्री शिवराज कुशवाहा ने कहा कि नशे को समाप्त करने में समय लगेगा मगर हमारी जीत अवश्य है आज नशा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति जान गया है कि नशा उनके जीवन को आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बना रहा है लेकिन उपचार की व्यवस्था और सही जानकारी न होने के कारण दबाव में है और नशे को छोड़ नहीं पा रहा। जिसके लिए परिवार के सदस्यों, सामाजिक संस्थाओं और विभागों को साथ आना पड़ेगा। जिससे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सपना नशा मुक्त भारत बनाया जा सके। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग भोपाल संभाग भोपाल श्री आर के सिंह ने कहा कि हमने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक संस्थाओं से नाम मांग कर जिले में 50 वेलेंटियर तैयार कर रहे है। जो इस अभियान को तेजी से आगे ले जायेंगे। उन्होंने सहारा साक्षरता संस्था के कार्यों की भी सराहना करते हुए कहा ही संस्था और उनके कार्यकर्ता लगातार हमसे सम्पर्क में है और वर्षभर नशामुक्ति के लिए स्कूल, कालेज और बस्तियों में नशामुक्ति जागरूकता के लिए कार्य करती है। कल्ला गौड़ बस्ती में रहने वाली कल्ला दीदी बताती है कि साहब पहले बड़े नशा करते थे लेकिन आज तो बच्चे बच्चों को आसानी से सुलोचन, थिनर और मेडिकल से सुघने वाली दवाई मिल जाती ही जिससे बच्चे नशे के आदि हो रहे है। हम जिला प्रशासन से इन बच्चो को बचाने के लिए निवेदन करते है।

## विधानसभा भवन के आसपास के क्षेत्रों में 01 से 19 जुलाई तक लागू रहेगी धारा 144

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पुलिस आयुक्त, भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्रा ने मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र तृतीय सत्र सोमवार, 01 जुलाई 2024 से प्रारंभ होकर 19 जुलाई 2024 के दौरान दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विधानसभा भवन के आसपास के क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। इस प्रकार एकत्रित भीड़ गैर कानूनी भीड़ समझी जाएगी। कोई व्यक्ति किसी जुलूस/प्रदर्शन का न तो निर्देशन करेगा और न उसमें भाग लेगा और न ही कोई सभा आयोजित करेगा। कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शस्त्र, लाठी, डण्डा, भाला, पत्थर, चाकू अन्य धारदार हथियार या आग्नेय शस्त्र साथ लेकर नहीं चलेगा। सत्रावधि के दौरान विधानसभा परिसर के 5.00 किलोमीटर की परिधि में भारी वाहन जैसे ट्रक, ट्रेक्टर-ट्राली, डम्फर एवं धीमी गति से चल यातायात बाधित करने वाले तांगा, बैल-गाड़ी इत्यादि के आवागमन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कोई व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जिसके फलस्वरूप शिक्षण संस्थाओं, होटल, दुकान, उद्योग एवं निजी अथवा सार्वजनिक सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न हो। यह आदेश ड्यूटी पर कार्यरत शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। यह आदेश 01 जुलाई, 2024 से 19 जुलाई, 2024 तक प्रातः काल 06ः00 बजे से रात्रि 12ः00 बजे तक अथवा विधानसभा सत्र का सत्रावसान/स्थगित होने तक, जो पहले हो, निम्नलिखित मार्ग/क्षेत्रों में प्रभावशील रहेगा। लिली टॉकीज से 7 बटालियन के सामने वाला मार्ग, एम.व्ही.एम. कॉलेज, एयरटेल तिराह से रोशनपुरा पहुंचने वाला मार्ग। बाणगंगा चौराहा से जनसंपर्क कार्यालय से लोअर लेक मार्ग से राजभवन से ओल्ड विधानसभा चौराहा की ओर जाने वाला मार्ग।जिंसी चौराहा से पुराना सी. आई.डी. रेल अधीक्षक कार्यालय से शब्बन चौराहा होते हुए पुरानी जेल की ओर जाने वाला मार्ग। स्लाटर हाउस रोड, मैदामिल से बोर्ड ऑफिस चौराहा । झरनेश्वर मंदिर चौराहे से ठण्डी सड़क, ठण्डी सड़क से 74 बंगले के सबसे ऊपर वाली सड़क से होते हुए रोशनपुरा चौराहा। पॉलिटेकनिक रोड/दूरदर्शन रोड भारत भवन रोड से माननीय मुख्यमंत्री निवास तक। नवीन विधानसभा क्षेत्र से राजभवन क्षेत्र, मुख्यमंत्री निवास क्षेत्र, रोशनपुरा चौराहा से पत्रकार भवन एवं राजभवन की ओर जाने वाले समस्त मार्ग, विधायक विश्राम गृह के सामने वाला रोड, मैदा मिल सड़क के उपर का समस्त क्षेत्र, बोर्ड ऑफिस चौराहा, 74 बंगला, ओमनगर, वल्लभ नगर का समस्त झुग्गी क्षेत्र, पत्रकार भवन, नवीन विधानसभा की ओर पहुंचने वाली सड़क, सतपुडा भवन,विन्ध्यांचल भवन, बल्लभ भवन एवं अरेरा एक्सचेंज का क्षेत्र नीलम पार्क थाना जहांगीराबाद, शाहजहाँनी पार्क थाना तलैया, अम्बेडकर पार्क थाना टी टी नगर, चिनार पार्क थाना एम0पी0नगर। इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्रों में आम सभा, पुतला दहन, धरना प्रदर्शन, आंदोलन, रैली नहीं करेगा। यह आदेश विवाह समारोह, बारात तथा शवयात्रा पर प्रभावशील नहीं रहेगा।

# जिले में चला नशा मुक्ती अभियान - पुलिस ने 59 हजार का गांजा एवं मदिरा की जप्त

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रदेश स्तर पर 20 जून से 26 जून तक चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत जिले भर में जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ जिले भर में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नेतृत्व में नशामुक्ति अभियान के दौरान अवैध मादक प्रदार्थो के परिवहन भण्डारण एवं विक्रय करने वालो एवं सार्वजनिक स्थलो पर इसके सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 5 अलग-अलग मामलो में कार्यवाही करते हुये 44,250 रूपए कीमती 3.6 किग्रा. गांजा एवं 14400 रू. कीमती 72 लीटर हॉथ भट्ठी महुआ शराब कुल कीमती 58,650 रू. जप्त कर 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार।



अभियान के दौरान 26 जून को थाना प्रभारी कमर्जी द्वारा दो अलग-अलग प्रकरण में 22000 रूपए कीमती 1.780 किलो ग्राम, चौकी प्रभारी सिहावल द्वारा 11250 रू. कीमती 750 ग्राम, चौकी प्रभारी टिकरी द्वारा 3000 रू. कीमती 302 ग्राम एवं चौकी प्रभारी सेमरिया द्वारा 8000 रू. कीमती 800 ग्राम कुल 3.6 किलोग्राम गाजा कीमती 44250 रूपए जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी का अपराध कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया।

वही चौकी प्रभारी मड़वास उनि केदार परौहा द्वारा मुखविर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये आरोपी रमेश जायसवाल पिता महादेव जायसवाल उम्र 32 वर्ष निवासी कतरवार चौकी मड़वास थाना मझौली जिला सीधी से 72 लीटर हॉथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 14400 रू. जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# निजी स्कूलों की मनमानी एवं मॅहगी पुस्तकों की मार से अभिभावक हो रहें परेशान




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नवीन शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024/25 में विद्यार्थियों के अभिभावकों को पाठ्य सामग्री के दाम अधिक चुकाने पड़ रहे हैं। स्कूली फीस से लेकर किताबों व कॉपियों के मूल्यों में हुई बढ़ोतरी के साथ स्कूल बस, आटो, टैक्सी के किराए में वृद्धि ने अभिभावकों को परेशानी बढ़ा दी है। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष करीब बीस प्रतिशत से अधिक पढ़ाई महंगी होने से अभिभावकों का बजट गड़बड़ा रहा है। महंगाई का असर फीस, टिफिन, बैग, यूनिफार्म से लेकर स्टेशनरी पर भी पड़ा है। नए सत्र से कई निजी स्कूलों ने मनमर्जी से फीस में भी वृद्धि की बात कही जा रही है, मगर उनको हकीकत पूछने पर स्कूल संचालक इनकार कर रहे हैं। जिले के कई विद्यालय प्रबंधन तो अभी से ही पूरे सत्र की फीस एक साथ जमा करने पर छूट देने का प्रलोभन देकर दबाव बना रहे हैं।

इन दिनो कॉपी-किताब, गणवेश की दुकानो पर अभिभावकों की एक लम्बी कतार देखने को मिल रही है, जो शिक्षण सामग्री खरीद रहे हैं। अभिभावकों की भीड़ कापी.किताब से लेकर गणवेश खरीदने के लिए दुकानों पर जुट रही है। निजी स्कूल पाठ्यक्रम के अलावा उसमें कुछ खास प्रकाशकों की किताबों को भी शामिल कर दिए हैं। ये किताबें भी स्कूलों द्वारा निर्धारित किए गए दुकानदारों के यहां मिल रही है। स्कूलों को कमीशन देने के फेर में अभिभावकों से इन किताबों का मनमाना दाम वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं नियमित रूप से पढ़ाई करने वाले बच्चों को इन स्कूलों में फिर से प्रवेश लेना पड़ रहा है। नए प्रवेश के नाम पर भी मोटी फीस वसूली जा रही है, जिससे बच्चों के माता-पिता का बजट गड़बड़ा गया है।

# वनरक्षक भर्ती की दौड़ में चीटिंग करते पकड़ाया प्रतिभागी

## बाइक पर बैठकर दौड़ पूरी करने का प्रयास कर रहा था



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना में वनरक्षक भर्ती की दौड़ प्रक्रिया में एक प्रतिभागी चीटिंग करते पकड़ा गया है। उत्तरवन मंडल के एसडीओ ने बाइक पर बैठ दौड़ पूरी कर रहे प्रतिभागी को गुरुवार को पकड़ा है। लिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह पन्ना कोतवाली अंतर्गत ग्राम मनौर से कैमासन तिराहा से मझगवां तक के लिए वन रक्षक भर्ती के लिए दौड़ आयोजित की गई थी। जिसमें राजकुमार वर्मा चेस्ट नंबर 17 मोटरसाइकिल पर बैठकर दौड़ पूरी करने के प्रयास में अपने साथी के साथ पकड़ा गया है।

युवक बाइक (एमपी 19 एमजे 4612) पर बैठकर दौड़ पूरी कर रहा था। जिसे उत्तर वन मंडल के उपवन मंडल अधिकारी विश्रामगंज दिनेश गौर ने पकड़ लिया।

वहीं एसडीओ दिनेश गौर ने कहा कि इस प्रकार की चीटिंग से प्रतिभागी को डिस्क्वालिफाई कर दिया जाएगा। उक्त दौड़ प्रक्रिया में कुल 180 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उम्मीदवारों को 25 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाये

## बचाव के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है।

आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है।

विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से मिले सीधी सांसद, क्षेत्र के विकास पर दिया जोर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा लोकसभा सत्र के दौरान मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर लोकसभा में शानदार विजय अर्जित करने एवं केंद्रीय मंत्री बनने की शुभकामनाएं दी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि शिवराज सिंह चौहान ने भी डॉक्टर राजेश मिश्रा को शानदार विजय अर्जित करने के लिए बधाई देते हुए क्षेत्र की 22 लाख से अधिक जनता के प्रति आभार ज्ञापित किया।

देर तक चली चर्चा के दौरान लोकसभा के विकास के लिए नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कई योजनाओं की चर्चा की, जिसका परिणाम आगामी कुछ महीनो में देखने को मिलेगा।

# यातायात पुलिस ने शुरू किया थर्ड आई प्रोजेक्ट

## लोकेशन पर लगाए गए 44 कैमरे, मारपीट के दो आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बीते 5 दिन पहले एक व्यक्ति के साथ 4 लोगों ने मारपीट की थी। जिसके बुधवार की सुबह मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जिसके बाद पुलिस टीम की ओर से सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल अवैध हथियार व वाहन जब्त किए गए थे। हत्या का प्रयास, अपहरण, अवैध हथियार, आईजी एक्ट, एससी एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। साथ ही पीड़ित को शासन की तरफसे प्रदान राहत राशि भी स्वीकृत की गई

**मारपीट के दो अपराधियों पर एनएसए की कार्रवाई:** गुरुवार की शाम 4 बजे जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग की अध्यक्षता में समिति ने मामले के पीड़ित व्यक्ति के लिए शासन की ओर से प्रदाय राहत राशि 2 लाख रुपए स्वीकृत की गई। पहली किस्त में कुल स्वीकृत राशि का एक चौथाई भाग 50 हजार रुपए की राहत राशि पीड़ित के खाता में भेजी गई है।



जिसमे अडिशनल विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत व यातायात पुलिस की ओर छतरपुर नगर के 11 आउटर में 44 कैमरे सेट लगवाए गए। जिसके बाद एसपी अगम जैन एवं अडिशनल विक्रम सिंह द्वारा कैमरे की आउटपुट स्क्रीनिंग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में डिवाइस स्टोरेज की कैपेसिटी कैमरे की क्वालिटी व स्कैनिंग भी चेक की गई।

चोरी के वाहन व अपराध में शामिल वाहन शहर की सीमा से बाहर निकलने या अन्य स्थानों से ऐसे वाहन के प्रवेश करने पर आसानी से ट्रेस किया जा सकेगा। हाई मेगापिक्सल के डिजिटल कैमरा के साथ-साथ सेट में स्कैनर भी लगे हुए हैं। गुजर रहे वाहनों में अंकित नंबर को कैप्चर कर संबंधित रिकॉर्ड की जानकारी पुलिस पर पहुंच जाएगी।

इस नवीन पहल को थर्ड आई, मतलब तीसरी आंख के नाम से जाना जाएगा। विभिन्न चौराहों में लगे कैमरा को अपडेट किया गया है, नगर के आउटर के साथ-साथ अन्य स्थान पर भी कैमरे की विस्तारीकरण की कार्रवाई की है। एसपी अगम जैन ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी, नगर में प्रवेश विकास करने वाले वाहनों, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा नगर के चौराहों पर लगाए गए हैं। वही मारपीट के पीड़ित व्यक्ति के खाते में 50 हजार की राशि उसके खाते में डाली जा रही है।

# सीमांकन न किये जाने पर सीएम के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** पीड़ित व्यक्ति रामचरण काछी निवासी ग्राम रौरा, तहसील हुजूर, जिला रीवा म0प्र0 के द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर रीवा को आज 27 जून 2024 को सौंप कर तहसील कार्यालय हुजूर वृत्त गोविन्दगढ़ मे पदस्थ कर्मचारियों व संबंधित अधिकारीगणों के द्वारा भूमि सीमांकन प्रकरण मे कार्यवाही न किये जाने को लेकर शिकायती आवेदन पत्र सौपा गया, आवेदन पत्र के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं जिला कलेक्टर रीवा को अवगत कराया गया कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा दिनांक 03 मई 2024 को भूमि सीमांकन हेतु सीमांकन धारा 129 म0प्र0 भू0रा0सं0 1959 ई0 के तहत लोक सेवा गारंटी रीवा तहसील हुजूर रीवा, वृत्त गोविन्दगढ़ मे आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसका प्रकरण क्रमांक आर.एस. /430/0736/2528/2024 है, उक्त सीमांकन आवेदन पत्र निश्चित की गई समय सीमा की आखिरी तारीख 19 जून 2024 मे नायब तहसीलदार वृत्त गोविन्दगढ़, तहसील हुजूर द्वारा सीकांकन आवेदन पत्र पर कोइ कार्यवाही नही की गई, ना ही सीमांकन आवेदन पर निर्णय लिया गया है, इसके बावजूद भी पीड़ित व्यक्ति सीमांकन हेतु कई बार तहसील कार्यालय का चक्कर लगाता रहा और सम्बन्धित अधिकारीगणों से समय-समय पर सीमांकन कार्यवाही हेतु सम्पर्क भी किया जाता रहा, इसके उपरांत भी आज दिनांक तक भूमि सीमांकन की कार्यवाही नहीं की गई।

पीड़ित व्यक्ति के द्वारा इस भीषण गर्मी मे लहलहाती धूप मे अपने गृह ग्राम से तहसील कार्यालय का चक्कर लगाने के कारण उसे मांसिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से गंभीर गम्भीर क्षति पहुंची है एवं पीड़ित व्यक्ति काफी तनाव महसूस कर रहा है। प्रशासन की उक्त लापरवाही के कारण पीड़ित व्यति को सीमा संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त समस्याओं से अवगत होते हुये माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर रीवा को सौंपा गया जिस पर सीमा सम्बन्धी प्रकरण मे कार्यवाही हेतु पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन दिया गया।

# कांग्रेस की आवश्यक बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका उपाध्यक्ष समस्त कांग्रेस पार्षदगण समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों सहित सभी सहयोगी संगठनों के अध्यक्षों की बैठक 28 जून 2024 को जवाहर कांग्रेस भवन में आहूत की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ने आग्रह किया है कि सभी आवश्यक रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## अजयगढ़ अस्पताल में शासकीय राशि की हेराफेरी

# तत्कालीन बीएमओ डॉ. केपी राजपूत सहित 3 पर एफआईआर, जांच के बाद हुई कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्कालीन बीएमओ डॉ केपी राजपूत सहित तीन कर्मचारियों पर धोखाधड़ी कर शासकीय पैसे गबन के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

उन्होंने कोरोना काल में पांच लाख रुपए की शासकीय राशि की हेराफेरी अपने कुछ सहयोगी कर्मचारियों के साथ मिलकर की थी। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के सुरक्षा संगठन मंत्री की शिकायत के आधार पर यह मामला उजागर हुआ और पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला महामंत्री सुरेश कुमार ने पन्ना एसपी को शिकायत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ़ के तत्कालीन बीएमओ सहित अन्य लोगों पर शासकीय राशि के गबन का आरोप लगाया था।

एसपी के निर्देश पर एसडीओपी ने जांच की, जिसमे केपी राजपूत ने अपने कार्यकाल 2016 से जनवरी 24 तक रोगी कल्याण समिति के सचिव रहते फल, सब्जी, दूध, किराना दुकान संचालकों के नाम पर फर्जी बिल तैयार कर विभिन्न खातों में 5 लाख रुपए डलवाकर बाद में उनसे यह पैसे लेकर खुद रख लिए। शासकीय राशि के गबन में उनके साथ अकाउंटेंट वीरेंद्र कुमार अहिरवार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रुचि शर्मा और डॉ. राजपूत के भतीजे दीपक राजपूत भी शामिल रहे।

**इन पर हुई कार्रवाई:** जांच प्रतिवेदन पर अजयगढ़ पुलिस ने तत्कालीन बीएमओ डॉ. केपी राजपूत, अकाउंटेंट वीरेंद्र अहिरवार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रुचि शर्मा और दीपक राजपूत के खिलाफ धोखाधड़ी, शासकीय राशि के गबन सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# शनिवार को सीमांकन के लिए चलाया जायेगा विशेष अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में सीमांकन के लंबित मामलों के निराकरण के लिए शनिवार को सीमांकन का विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए तहसीलवार राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों का संयुक्त दल गठित किया गया है।

अभियान की सफलता के लिए अपर कलेक्टर राजेश शाही द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों



से विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधिक संख्या में सीमांकन के प्रकरण लंबित है लंबित प्रकरणों की संख्या में कमी लाने के लिए अभियान के रूप में सीमांकन किये जाने आवश्यक है। शनिवार को सभी दल लक्ष्यानुसार सीमांकन करना सुनिश्चित करेंगें। अपर कलेक्टर ने कहा कि सीमांकन उपरान्त सभी दल अपनी रिपोर्ट समय-सीमा में प्रस्तुत करेंगे। अपर कलेक्टर ने अभियान के दौरान सीमांकन के अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, अधीक्षक भू-अभिलेख रवी श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, साक्षी गौतम उपस्थित रहें। उपखण्ड अधिकारी कुसमी एसपी मिश्रा, सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी वर्चुअली जुडे रहें।

# विचार

## समाज सेवा करते करते राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर छाने वाले ओम बिरला का जीवन बड़ा प्रेरक है

ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी। श्री बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा। राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। 17 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया । उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान,मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं। बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए।

# अब भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करना चाहिए

**प्रह्लाद सबनानी**

**वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गलत दर्शाया गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं।**



एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार, भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे।

जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यत: शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है। इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है। फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है। अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का, आधारभूत ढांचे को विकसित करने एवं भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने से सम्बंधित आंकड़ों एवं प्रयासों का गम्भीरता से लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। आगे आने वाले दो वर्षों के दौरान यदि उक्त तीनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग  है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। परंतु, भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के लिए स्टैंडर्ड एंड पूअर को दो वर्षों का समय क्यों चाहिए? जब इन समस्त क्षेत्रों में लगातार सुधार होते साफ दिख रहा है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विदेशी संस्थान (विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, आदि) आगे आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर बहुत उत्साहित हैं एवं आर्थिक प्रगति के साथ साथ राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु भारत सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना करते रहते हैं। फिर भी, स्टैंडर्ड एंड पूअर को भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के लिय दो वर्षों का अतिरिक्त समय चाहिए। वैश्विक पटल पर पश्चिमी देशों के विभिन्न संस्थानों द्वारा भारत के प्रति ईर्ष्या का भाव रखने के चलते, अब समय आ गया है कि भारत विभिन्न पैमानों पर अपनी रेटिंग तय करने के लिए अपने सूचकांक विकसित करने पर विचार करे क्योंकि वैश्विक स्तर पर पश्चिमी देशों द्वारा जितने भी सूचकांक तैयार किए जा रहे हैं उसमें भारत के संदर्भ में वस्तुस्थिति का सही वर्णन नहीं किया जा रहा है।

# कब सुधरेगी भारत की डाक व्यवस्था?

**अशोक मधुप**

आजादी के 75 साल बाद भी भारत की डाक व्यवस्था में सुधार न होकर पतन ही हुआ। भारत में डाक विभाग 250 साल से पुराना है। आज गांव-गांव तक इसकी ब्रांच हैं। पूरे भारत में 155531 डाकघर हैं। इतना  बडा नेटवर्क होने के बाद भी यह सरकारी विभाग प्राइवेट कोरियर कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ती जा रही है। भारतीय डाक की सेवा में सुधार हो, इसमें न विभागीय अधिकारियों की रूचि है, न सरकार की। इसी का परिणाम है कि इसका अपने व्यवसाय से एकाधिकार टूटता जा रहा है। प्राइवेट कंपनी इसके व्यवसाय को कब्जाती जा रही हैं। भारत में डाक सेवाओं की स्थापना 1774 में हुई। पहली बार भारतीय डाकघर को राष्ट्रीय महत्व के एक अलग संगठन के रूप में स्वीकार किया गया और उसे एक अक्टूबर 1854 को डाकघर महानिदेशक के सीधे नियंत्रण में सौंप दिया गया। भारतीय डाक व्यवस्था कई व्यवस्थाओं को जोड़कर बनी हैं। 650 से ज्यादा रजवाड़ों की डाक प्रणालियों, जिला डाक प्रणाली और जमींदारी डाक व्यवस्था को प्रमुख ब्रिटिश डाक व्यवस्था में शामिल किया गया था। इन टुकड़ों को इतनी खूबसूरती से जोड़ा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक संपूर्ण अखंडित संगठन है। 1766 में लार्ड क्लाइव ने देश में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की थी। इसके बाद 1774 में वारेन हेसंटिग्ज़ ने इस व्यवस्था को और मजबूत किया। उन्होंने एक महा डाकपाल के अधीन कलकत्ता प्रधान डाकघर स्थापित किया। मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसी में क्रमश: 1786 और 1793 में डाक व्यवस्था शुरू की गई। 1837 में डाक अधिनियम लागू किया गया ताकि तीनों प्रेसीडेन्सी में सभी डाक संगठनों को आपस में मिलाकर देशस्तर पर एक अखिल भारतीय डाक सेवा बनाई जा सके। 1854 में डाकघर



अधिनियम के जरिए एक अक्टूबर 1854 को मौजूदा प्रशासनिक आधार पर भारतीय डाक घर को पूरी तरह सुधारा गया। 1854 में डाक और तार दोनों ही विभाग अस्तित्व में आए। शुरू से ही दोनों विभाग जन कल्याण को ध्यान में रख कर चलाए गए। लाभ कमाना उद्देश्य नहीं था। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध्द में सरकार ने फैसला किया कि विभाग को अपने खर्चे निकाल लेने चाहिए। उतना ही काफी होगा। 20वीं सदी में भी यही क्रम बना रहा। डाकघर और तार विभाग के क्रियाकलापों में एक साथ विकास होता रहा। 1914 के प्रथम विश्व युध्द की शुरूआत में दोनों विभागों को मिला दिया गया। भारतीय राज्यों के वित्तीय और राजनीतिक एकीकरण के चलते यह आवश्यक और अपरिहार्य हो गया कि भारत सरकार भारतीय राज्यों की डाक व्यवस्था को एक विस्तृत डाक व्यवस्था के अधीन लाए। ऐसे कई राज्य थे जिनके अपने जिला और स्वतंत्र डाक संगठन थे और उनके अपने डाक टिकट चलते थे। इन राज्यों के लैटर बाक्स हरे रंग में रंगे जाते थे ताकि वे भारतीय डाकघरों के लाल लैटर बाक्सों से अलग नज़र आएं। 1908 में भारत के 652 देशी राज्यों में से 635 राज्यों ने भारतीय डाक घर में शामिल होना स्वीकार किया। केवल 15 राज्य बाहर रहे, जिनमें हैदराबाद, ग्वालियर, जयपुर और ट्रावनकोर प्रमुख हैं। 1925 में डाक और तार विभाग का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया गया। विभाग की वित्तीय स्थिति का जायजा लेने के लिए उसके खातों को दोबारा व्यवस्थित किया गया। उद्देश्य यह पता लगाना था कि विभाग करदाताओं पर कितना बोझ डाल रहा है या सरकार का राजस्व कितना बढा रहा है और इस दिशा में विभाग की चारों शाखाएं यानी डाक, तार, टेलीफोन और बेतार कितनी भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय डाक सेवा का क्षेत्र चिट्ठियां बांटने और संचार का कारगर साधन बने रहने तक ही सीमित नहीं है। शुरूआती दिनों में डाकघर विभाग, डाक बंगलों और सरायों का रख रखाव भी करता था। 1830 से लगभग तीस सालों से भी ज्यादा तक यह विभाग यात्रियों के लिए सड़क यात्रा को भी सुविधाजनक बनाते थे। कोई भी यात्री एक निश्चित राशि के अग्रिम पर पालकी, नाव, घोड़े, घोड़ागाड़ी और डाक ले जाने वाली गाड़ी में अपनी जगह आरक्षित करवा सकता था। वह रास्ते में पड़ने वाली डाक चौकियों में आराम भी कर सकता था। यही डाक चौकियां बाद में डाक बंगला कहलाईं। 19वीं सदी के आखिर में प्लेग की महामारी फैलने के दौरान, डाकघरों को कुनैन की गोलियों के पैकेट बेचने का काम भी सौंपा गया था। भारत संयुक्त परिवारों और छोटी आमदनी वाले लोगों का देश है, जहां लोगों को छोटी रकमों की सूरत में लाखों रूपए भेजने पड़ते हैं। रूपयों के लेन-देन का काम जिला मुख्यालयों में स्थित 321 सरकारी खजानों द्वारा किया जाता था। 1880 में मनी आर्डर के द्वारा छोटी रकमें भेजने का काम 5090 डाकघर वाली विस्तृत डाक एजेंसी को दिया गया और इस तरह जिला मुख्यालयों तक जाने और प्राप्तकर्ता द्वारा पहचान साबित करने की कठिनाइयां कम हो गईं ।1884 में उच्च पदों पर आसीन कर्मचारियों को छोड़कर देसी डाक कर्मचारियों के लिए डाक जीवन बीमा योजना शुरू की गई, क्योंकि भारत में काम करने वाली बीमा कंपनियां आम भारतीय निवासियों का बीमा करने से कतराती थीं। उन कठिन दिनों में देश के साथ-साथ डाक विभाग भी इसके असर से अछूता नहीं रहा। 1857 के बाद विभाग ने आगजनी और लूटमार का दौर देखा। एक उपडाकपाल और एक ओवरसियर की हत्या कर दी गई, एक रनर को घायल कर दिया गया और बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तर पश्चिमी सीमांत राज्यों के कई डाकघरों को लूट लिया गया। उत्तर पश्चिमी सीमांत राज्यों और अवध में सभी संचार लाइनों को बंद कर दिया गया था और हिंसा खत्म हो जाने के बाद भी साल भर तक कई डाकघरों को दोबारा नहीं खोला जा सका। लगभग पांच माह तक चलने वाली 1920 की डाक हड़तालों ने देश की डाक सेवा को पूरी तरह ठप्प कर दिया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कई डाकघरों और लैटर बक्सों को जला दिया गया थाऔर डाक का आना-जाना बड़ी मुश्किल से हो पाता था। इसके कारण कई सेक्टरों में डाक सेवाएं गड़बड़ा गई थीं। पोस्ट कार्ड 1879 में चलाया गया जबकि वैल्यू पेएबल पार्सल (वीपीपी), पार्सल और बीमा पार्सल 1977 में शुरू किए गए। भारतीय पोस्टल आर्डर 1930 में शुरू हुआ। तेज डाक वितरण के लिए पोस्टल इंडेक्स नंबर (पिनकोड) 1972 में शुरू हुआ। तेजी से बदलते परिदृश्य और हालात को मद्दे नजर रखते हुए 1985 में डाक और दूरसंचार विभाग को अलग-अलग कर दिया गया। समय की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 1986 में स्पीड पोस्ट शुरू हुई ओर 1994 में मेट्रोप्तराजधानीप्तव्यापार चैनल, ईपीएस और वीसैट के माध्यम से मनी आर्डर भेजा जाना शुरू हुआ। पिछले कई सालों में डाक वितरण के क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है और यह डाकिए द्वारा चिट्ठी बांटने से स्पीड पोस्ट और स्पीड पोस्ट से ई-पोस्ट के युग में पहुंच गया है। भारतीय पोस्टल आर्डर 1930 में शुरू हुआ।

# जोश गैंग बीच सड़क पर मारी गोली

## पार्टी कर बाइक से जा रहे थे 3 दोस्त, तभी की फायरिंग, 2 घायल और 2 गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में बाइक सवार तीन युवकों पर गोली चलाने वाले अमित जोश गैंग के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भिलाई नगर थाने से कुछ दूर स्थित ग्लोब चौक के पास फायरिंग की थी, जिससे एक घायल हो गया था। पुलिस मुख्य आरोपी अमित जोश समेत 2 लोगों की तलाश कर रही है।

घायलों के दोस्त मुकेश साहू ने बताया कि घटना बुधवार देर रात 3 बजे के आसपास की है। विश्रामपुर निवासी रमनदीप सिंह वहीं के रहने वाले अपने दोस्त सुनील यादव और आदित्य सिंह से मिलने आया था।

सुनील और आदित्य भिलाई में पढ़ाई करने के बाद यहीं रहने लगे। इसके बाद सुनील जियो कंपनी में जॉब करने लगा और आदित्य पीएससी की तैयारी कर रहा है। दोनों नेहरू नगर और ग्रीनवेली में रहते हैं। दोस्त के आने की खुशी में तीनों ने देर रात तक पार्टी की।

इसके बाद अपनी बाइक लेकर टाउनशिप की तरफ घूमने निकले थे। वो लोग बाइक में बैठकर शोर मचाते हुए गाली देते हुए निकल रहे थे। इसी दौरान अमित जोश और उसके तीन साथी बाइक से निकले। उन्होंने ग्लोब चौक के आगे रमनदीप की बाइक को रोककर उसके आगे अपनी बाइक लगा दी।

इससे पीछे बैठे सुनील और आदित्य काफी घबरा गए। अमित जोश उन लोगों को गाली देने लगा कि तुम लोग उन्हें गाली दे रहे थे। इस पर सुनील और आदित्य ने कहा कि वो आपको गाली नहीं दे रहे थे आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान अमित जोश ने उन लोगों को गाली दी तो उन्होंने इसका विरोध किया।

इससे अमित और उसके साथी इतने गुस्से में आ गए कि अमित जोश ने पिस्टल निकलकर उस पर फायर कर दी। इससे रमनदीप वहां से भागने लगा। अमित ने तीन राउंड गोली चलाई। इसमें एक गोली आदित्य के फेफड़े के नीचे लगी और दूसरी सुनील के पेट में। जब अमित और उसके साथी गोली चलाकर चले गए तो रमनदीप दौड़कर आया।

उसने दोनों को बाइक में लहूलुहान हालत में चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिल ले गया। वहां डॉक्टरों ने उनका इलाज करने से मना कर दिया। इसके बाद उन दोनों को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां भी डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी की दोनों को मेकाहारा रायपुर ले जाओ।

रमन ने इस दौरान अपने दोस्त विवेक साहू और अन्य को फोन करके बुला लिया। उन लोगों ने एंबुलेंस की और घायलों को मेकाहारा अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया। वहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों के माता पिता भी सूचना पाकर रायपुर पहुंच गए हैं। पुलिस अभी तक घायलों का बयान नहीं दर्ज कर पाई है।

**दो आरोपी गिरफ्तार, दो फरार:** पुलिस ने मामले दो आरोपियों अंकुर शर्मा और यशवंत नायडू को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। वहीं मुख्य आरोपी अमित जोश और उसका एक साथी डॉगी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। अंकुर शर्मा के खिलाफपहले ही कई आपराधिक मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। वहीं आरोपी यशवंत नायडू यूथ कांग्रेस का है पूर्व जिला महासचिव रहा है।

**बीएसपी क्वार्टर में कब्जा कर देते हैं किराय से:** अमित जोश और उसके साथ गोलीकांड में शामिल तीन अन्य आरोपी भिलाई नगर एरिया में सक्रिय हैं। इनका मूल काम बीएसपी क्वार्टर में कब्जा करके उन्हें किराय पर चढ़ाना है। इससे ये लोग काफी अच्छी कमाई कर लेते हैं।

बताया जा रहा है कि अंकुर शर्मा बीएसपी की जिस बहुमंजिला बिल्डिंग में रहता है उस पूरी बिल्डिंग में कब्जा करके रखा है। उसने पूरी बिल्डिंग को किराया से उठाया है। हालत यह है कि इनके डर से बीएसपी के अधिकारी उन क्वार्टर में कार्रवाई करने से डरते हैं।

**दुर्ग सेंट्रल जेल के असिस्टेंट जेलर के घर किया था हमला:** दो साल पहले दुर्ग केंद्रीय जेल में पदस्थ असिस्टेंट जेलर अशोक साव के घर देर रात कुछ हथियार बंद नकाबपोशों ने हमला किया था। उन्होंने साव के घर का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। परिजनों ने द्मनाभपुर पुलिस को फोन किया। पुलिस ने इस मामले में कुख्यात बदमाश अमित जोश को गिरफ्तार किया था।

**एक महीने पहले भिलाई नगर पुलिस ने किया था गिरफ्तार:** अमित जोश को भिलाई नगर पुलिस ने बीते 4 जून को गिरफ्तार किया था। 30 अप्रैल 2024 को जुनवानी निवासी गरिमा साहू ने भिलाई नगर थाने में उसने 3 मई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि अमित जोश सुबह 7 बजे उसके घर में जबरदस्ती घुस गया और गालियां देने लगा।

मना करने पर उसने हथियार के बल पर लड़की के साथ बुरी तरह मारपीट भी की थी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। अमित जोश के खिलाफ हत्या, लूट व अन्य अपराधों के करीब 49 मामले दुर्ग जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

# पुलिस से भागने में बदमाश का कटा हाथ

## युवक को चाकू मारकर भाग रहे थे, राजनांदगांव जीआरपी ने धर दबोचा



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक युवक को चाकू मारकर फरार बदमाश खलनायक और उसके 2 साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को राजनांदगांव जीआरपी ने पकड़ा है। बताया जा रहा है कि जब जीआरपी ने इन्हें पकड़ा तो खलनायक उनकी कस्टडी से भागने लगा, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसका एक हाथ कट गया। खलनायक को रायपुर रेफर किया गया है। जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पांडेय ने बताया कि सोहेल खान उर्फ खलनायक और उसके साथी यश पांडेय उर्फ मसान और जॉनसेन को गिरफ्तार करने के लिए उन्होंने टीम को लगाया था। पुलिस ने उनका मोबाइल लोकेशन ट्रैस किया तो पता चला कि वो लोग राजनांदगांव की तरफ भागे हैं।

पुलिस ने राजनांदगांव जीआरपी को आरोपियों की फोटो भेजी। जीआरपी ने उन्हें राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। जीआरपी ने दो आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन मसान उनकी गिरफ्त से भागने लगा। इससे पहले की जीआरपी उसे पकड़ती वो ट्रेन के नीचे आ गया। इससे उसका एक हाथ कट गया और वो बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां हालत गंभीर होने से उसे रायपुर रेफर किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मसान और जॉनसेन को जामुल पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

**इस तरह घटनी घटना:** समता चौक घासीदार नगर निवासी मुकेश यादव (28 साल) ने घायल अवस्था में बताया था कि वो रात 9 बजे के करीब घासीदार ग्राउंड में बैठा था। इसी दौरान वहां खलनायक और उसके साथी यश पांडेय उर्फ मसान और जॉनसेन आए। खलनायक अपने हाथ में चाकू लेकर उसे धमकाने लगा। जब उसने उसे मना किया मोहल्ले में ये सब मत कर तो खलनायक ने उसके पेट में चाकू घुसा दिया। इससे युवक वहीं गिर गया और उसके पेट से अंतड़ी बाहर आने लगी।

**खून से लथपथ हालत में पहुंचा था थाने:** घटना की जानकारी होने पर उसके घरवाले वहां पहुंचे। उन्होंने मुकेश के पेट को कपड़े से बांधा और लहूलुहान हालत में ही थाने लेकर गए। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे सुपेला अस्पताल भेजा। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

दुर्ग जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर रेफर किया। इसके बाद परिजनों उसे श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज भिलाई में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**क्षेत्र में खलनायक के नाम की दहशत:** क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सोहेल खलनायक आपराधिक प्रवृत्ति का है। वह हर समय नशे में रहता है और अपने साथ चाकू लेकर घूमता है। आए दिन मोहल्ले में लोगों से गाली गलौज और मारपीट करता है। उसे जामुल पुलिस पहले भी चाकू लहराने और मारपीट के मामले गिरफ्तार कर चुकी है।

## बैंक के सामने किसान से उठाईगिरी, थैले में रखे 32 हजार चोरों ने किया पार

**बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले में खेती-किसानी के लिए पैसे निकालने बैंक पहुंचा एक किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। बैंक से 50 हजार रुपए निकालने के बाद किसान ने उसे थैले में रख लिया। तभी चोरों ने चकमा देकर थैले से 32 हजार रुपए निकाल लिए। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है। दरअसल, ग्राम खपराखोल निवासी शत्रुघ्न प्रसाद दीक्षित पेशे से किसान हैं। सोमवार को वो अपने गांव के ही रामवतार पटेल के साथ बिल्हा आया था, जहां जिला केंद्रीय सहकारी बैंक से उसने 50 हजार रुपए निकलवाया। इसमें से 15 हजार रुपए रामावतार का कर्ज चुकाया। साथ ही तीन हजार रुपए निकाल कर अपने पास रख लिए। बाकी के 32 हजार और दस्तावेज थैले में रख दिया।

**चकमा देकर चोरों ने निकाल लिए पैसे:** किसान अभी बैंक परिसर में ही था और वो थैला लेकर बाहर निकल रहा था। इस दौरान वो अपनी गाड़ी के पास पहुंचा। अचानक उसे पता चला कि थैले में रखे 32 हजार रुपए और दस्तावेज गायब है। जिसे देखकर हैरान किसान ने घटना की जानकारी रामावतार को दी।

## बीच चौराहे पर महिला का हंगामा

### पेचकस लेकर युवक को दौड़ाया, मकान पर कब्जे को लेकर चल रहा विवाद



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में बीच चौराहे पर महिला ने जमकर हंगामा किया। महिला युवक को मारने के लिए हाथ में पेचकस लेकर दौड़ा दिया। इस दौरान युवक महिला से जान बचाकर भागता रहा। पीड़ित ने अपने मोबाइल में घटना का वीडियो बना लिया।

दरअसल, कोरबा में शारदा विहार स्थित अटल आवास के एक मकान में कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव जारी है। किराएदार के रूप में रह रही महिला और मकान मालिक के बीच विवाद चल रहा है। मकान पर कब्जा पाने के लिए महिला ज्च् नगर स्थित मकान मालिक के दुकान पहुंच गई और बीच चौराहे पर जमकर हंगामा किया।

**पेचकस लेकर युवक को दौड़ाया:** इतना ही नहीं महिला हाथों में पेचकस लेकर मकान मालिक को काफी दूर तक दौड़ाया। युवक ने अपने मोबाइल से महिला का वीडियो बना लिया। इसके बाद मामला पुलिस के पास जा पहुंचा। मामले की शिकायत बैन्ठ पुलिस से की गई है।

**महिला ने पहले भी किया था हंगामा:** मकान पर कब्जे को लेकर महिला का विवाद मकान मालिक से काफी पुराना है। महिला मकान खाली नहीं करना चाहती। जिसे लेकर महिला ने मानिकपुर चौकी में भी बवाल किया था। खुद के उपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास भी किया था, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। जेल से बाहर आकर महिला फिर उसी तरह की हरकतें कर रही है।

**पीड़ित ने कहा- महिला ने किया मकान पर कब्जा:** पीड़ित लक्ष्मण जायसवाल ने बताया कि शारदा विहार अटल आवास में उसके मकान पर मनजीत कौर नाम की महिला ने कब्जा किया है। इस मामले में शिकायत पर मानिकपुर पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। फिर से महिला उसके दुकान पहुंची और पेचकस से हमला करने की कोशिश की।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** बैन्ठ चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगे मामले की जांच की जा रही है।

## नशे में आरोपियों ने युवक को पीटा, फिर जमकर की गाली-गलौज




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में एक युवक के साथ शराबियों ने जमकर मारपीट की है। आरोपियों ने गाली-गलौज कर युवक के सिर पर डंडा भी मारा। मारपीट के दौरान आरोपियों से धमकी देते हुए खून से नहला देने की बात की। इसके बाद युवक के परिवार के लोगों ने बीच-बचाव कर युवक की जान बचाई। मामले में आरंग पुलिस ने थ्स् दर्ज कर लिया है।

पवन पारधी ने पुलिस को बताया कि कलई रोड के पास रहता है। बुधवार की रात 9 बजे के करीब वह घर में खाना खाकर अपनी पत्नी के साथ बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान मोहल्ले के रहने वाले मिथुन पारधी और हेमंत पारधी नशे की हालत में आए। उन्होंने पुराने विवाद को लेकर पवन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

**डंडे से सिर में मारा:** इस दौरान शराबियों ने युवक के सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे उसे चोट आ गई। आरोपी मारपीट के दौरान युवक को धमकी देते हुए खून से नहला देने की बात कह रहे थे। कुछ देर बाद युवक के परिवार वालों ने बीच-बचाव कर झगड़े को शांत कराया। इस मामले में आरंग थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रापत्रिका यन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ

### ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ 06 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, मनेंद्रगढ़ निप्र।** कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावत्ती भवन नया रायपुर ने पत्र क्रमांक/135-1 प्रयास /2024-25/2533 20 जून 2024 के माध्यम से सूचित किया है कि प्रयास आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 21 जुलाई 2024 रविवार को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएगी।जिसकी परीक्षा केन्द्र अम्बिकापुर जिला सरगुजा में होगा। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60: अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एमसीबी या वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन की अंतिम तिथि 06 जुलाई 2024 रात्रि 12:00 तक है।

# बढ़ा तापमान, गर्मी और उमस ने किया बेचौन

## 3 दिन से नहीं हुई बारिश, रात में रिमझिम फुहार, आज बरस सकते हैं बदरा

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** मानसून सक्रिय होने के बाद भी बिलासपुर में पिछले तीन दिन से बारिश नहीं होने के कारण दिन के तापमान के वृद्धि का क्रम जारी है, जिससे गर्मी और उमस बढ़ने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है।मंगलवार को बारिश के अलर्ट के बाद भी पूरे दिन धूप ने लोगों को हलकान कर दिया। इस दौरान दिन का तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक रहा। एक बार फिर से मौसम विभाग ने बुधवार को बरसात होने की संभावना जताई है।

**मानसून की एंट्री के बाद मौसम में उतार-चढ़ाव:** बिलासपुर जिले में मानसून की एंट्री के बाद मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। मानसून सक्रिय होने के बाद शुरूआत में दो दिन बारिश हुई। लेकिन, पिछले तीन दिन से बारिश बंद है। जिस तरह से बारिश की उम्मीद की गई थी, वैसी बरसात नहीं हो पाई है।

इधर, पिछले तीन दिन से सूर्य की किरणें भी तेज हो गई है, जिससे गर्मी और उमस ने बेचौनी बढ़ा दी है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है।

**आज बारिश होने की संभावना:** बिलासपुर समेत प्रदेश में 27 जून को अधिकांश स्थानों पर वर्षा का अनुमान है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की भी संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट भी संभावित है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

**बारिश नहीं होने से किसानों में चिंता:** बिलासपुर में अब किसान भी आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, क्योंकि बारिश के भरोसे खेती करने वाले किसानों ने बोनी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि अगर बारिश नहीं होगी तो खेती प्रभावित होगी। दरअसल, किसानों ने अच्छी बारिश की उम्मीद से खेतों में धान की बुआई कर दी है, लेकिन आने वाले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो धान की बीज में अंकुरण नहीं हो पाएगा। हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है।

## मकान मालिक के बेटे ने युवती से किया रेप

## किराए के मकान में रहती थी दो बहनें, आरोपी को भेजा गया जेल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर में मकान मालिक के बेटे ने अपनी किराएदार युवती के साथ रेप किया है। इस मामले में पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ रेप और छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी मनीष सेन की मां का गुढ़ियारी इलाके में घर है। जहां उन्होंने दो बहनों को कमरा किराए से दिया है। 25 जून की दोपहर आरोपी ने देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। तो वह मौका देखकर जबरन घर में घुस गया। घर पर पीड़िता अकेले थी। जिसका आरोपी ने फायदा उठा लिया। इस घटना के बाद पीड़िता ने अपने घर वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद गुढ़ियारी पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपी मनीष सेन (32) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# समय सीमा की बैठक में हुई विभागीय कार्यों की समीक्षा




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बुधवार को समय सीमा की बैठक लेकर टीएल से संबंधित विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने पेयजल की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ को प्रगति लाने और सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों को रोकने स्वास्थ्य के लिए विभाग को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ईई को सप्लाई किये जाने और पेयजल की सैंपल लेकर जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त नगर निकायों में पेयजल के लिए कार्ययोजना बनाकर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय.सीमा की बैठक में कलेक्टर ने भवन विहीन स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी एकत्र कर भवन निर्माण प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और लंबे समय से लंबित पत्रों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र हितग्राहियों के वोटर आईडी कार्ड बनाने के साथ ही आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्य सचिव के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुये सतत जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिये। उन्होंने 01 जुलाई 2024 से नवीन न्याय संहिता लागू होने हेतु आउटरीच इवेंट की तैयारी एवं क्रियान्वयन के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने कृषि विभाग को जिले में खरीफ 2024 के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज भण्डारण सहित वितरण की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लाभार्थी कृषकों की जानकारी के लिए आरईएओवार एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये। 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अमला को तैयारी करने के निर्देश दिये। राजस्व नक्शों में सुधार सैटेलाईट नक्शों के मिलान तथा सत्यापन सहित श्रम विभाग को श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में घाषित साइलेंस जोन में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जप्ती अभियान एवं राजसात की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सड़क दुर्घटना आवारा मवेशी पर नियंत्रण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग को उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए दस्तावेजों की तैयारी करने के निर्देश दिये।बैठक में कलेक्टर ने आमाखेरवा ज्यूडिशीयरी क्वार्टर जीएडी क्वार्टर बनाने के लिए प्रस्तावित है वहां पर पानी की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभागए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीए ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए सेतु निगम और हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए है ।

## खादी ग्रामीण उद्योग में लगी आग

**रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर के खादी ग्राम उद्योग में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि, आग लगने से बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में कुछ लोग फंस गए। हालांकि, मौके पर दमकल और पुलिसकर्मियों की टीम ने आग पर नियंत्रण पा लिया है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोतवाली थाना प्रभारी सुधांशु बघेल के मुताबिक, आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के बिजली बॉक्स में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लगी। जिस तेजी से धुआं ऊपर फर्स्ट फ्लोर पर जाने लगा। इस दौरान फर्स्ट फ्लोर पर कुछ लोग मौजूद थे। आग उठने की स्थिति में फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई।

## अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कल कश्मीर पहुंचेगा

**जम्मू ( एजेंसी )।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर पहुंचेगा। यहां से वे उत्तर कश्मीर बालटाल और दक्षिण कश्मीर अनंतनाग बेस कैंप जाएंगे। शुक्रवार को सुरक्षा काफिले के साथ सभी तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना होंगे और शनिवार (29 जून) को अमरनाथ के दर्शन करेंगे अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरुआत बुधवार से हो गई है। जम्मू के एसडीएम ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं। एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे रोहित बसकोत्रा के मुताबिक ट्रैफिक पर निगरानी के लिए उधमपुर से बनिहाल तक 10 हाई-एंड कैमरे लगाए हैं। इनमें उधमपुर के जाखनी क्षेत्र, दलवास, खोनी नाला, मेहर, बैटरी चश्मा, नचलाना, बनिहाल चौक, सुरंग-5, शालीगढ़ी और कटपॉइंट जैसे स्पॉट शामिल हैं। यातायात पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक सलाह भी जारी की है, जिसमें लेन ड्राइविंग पर जोर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने पर बड़ा जुर्माना लगाया जाएगा।

## दिल्ली की जलमंत्री आतिशी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की मंत्री आतिशी को बृहस्पतिवार सुबह एलएनजेपी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आतिशी दिल्ली में जल संकट के खिलाफ अनशन पर थीं और तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि आतिशी को सुबह साढे दस बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। आम आदमी पार्टी की नेता एवं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं। अनशन कर रही आतिशी की तबीयत पांचवें दिन बिगड़ने लगी थी और उनके ब्लड शुगर का स्तर गिरने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें शुरुआत में अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में हालत में सुधार होने पर उन्हें सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात ने बुधवार को अस्पताल में आतिशी से मुलाकात की थी।

## सीजेआई बोले- अबतक पॉलिटिकल प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ जून में लंदन गए थे। जहां ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी ने उनके साथ एक चर्चा रखी। इस दौरान उनसे पूछा गया कि पिछले कुछ सालों में ज्यूडीशियरी पर पॉलिटिकल प्रेशर बढ़ा है, इस पर उन्होंने कहा कि बतौर जज 24 साल के कॅरियर में उन्हें कभी भी किसी सरकार के राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। सीजेआई ने कहा कि परंपराओं के अनुसार भारत में जज सरकार की पॉलिटिकल ब्रांच से अलग-थलग जीवन जीते हैं। साथ ही जज अक्सर अपने फैसलों के संभावित राजनीतिक परिणामों को लेकर सचेत रहते हैं। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक यह क्वेश्चनायर ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी ने किया था। जिसमें उनसे सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने से जुड़ा सवाल भी पूछा गया था। राजनीतिक दवाब नहीं, फैसलों के असर की समझ ¬ यदि आप राजनीतिक दबाव को डिटेल में जानना चाहते हैं, तो इसका अर्थ बहुत व्यापक है।

# ब्रिटेन में चुनाव से पहले सुनक-स्टार्मर के बीच बहस

### पीएम ने विपक्षी से पूछा- तालिबान से डील कर पाओगे, जनता को बेवकूफ मत समझो



**ब्रिटेन ( एजेंसी )।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होंगे। इससे पहले ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के बीच बुधवार रात अहम टीवी डिबेट हुई। इस डिबेट के दौरान काफी गहमागहमी देखने को मिली। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के ऊपर पर्सनल अटैक भी किया।

एक हालिया सर्वे में ऋषि सुनक, स्टार्मर से 20 अंको से पीछे चल रहे हैं। ऐसे में क्क्रके पास अपने विपक्षी उम्मीदवार पर बढ़त बनाने का आखिरी मौका था। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक इस बहस में सुनक, विपक्षी नेता स्टार्मर पर हावी दिखे।

75 मिनट की इस बहस में सुनक ने अपने प्रतिद्वंदी स्टार्मर को खूब परेशान किया। सुनक ने अपने भाषण में ये बताया कि देश की इकोनॉमी ठीक करने के लिए उनके अलावा और कोई बेहतर च्वाइस नहीं है। सुनक ने आरोप लगाया कि विरोधी नेता स्टार्मर सिर्फ बदलाव की बात करते हैं मगर उनके पास इसके लिए कोई प्लान ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ बदलाव की बात कहने से बदलाव नहीं आता है। सुनक ने कहा कि वह टैक्स और वेलफेयर को कम करेंगे। ताकि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले और उनकी बचत हो।

पीएम ने ये भी कहा कि इमीग्रेशन, टैक्स और महिला अधिकारों जैसे मुद्दे पर देश के साथ खड़े होने की जरुरत है। उन्होंने जनता से लेबर पार्टी के सामने सरेंडर न करने की अपील की।

डिबेट के दौरान स्टार्मर ने सुनक पर तंज कसते हुए कहा कि देश के पीएम इतने अमीर हैं कि उन्हें आम ब्रिटिश की समस्याओं की समझ नहीं है।

ब्रिटेन में अवैध प्रवासन एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसे कम करने को लेकर लेबर नेता स्टार्मर ने कहा कि वे प्रवासियों को उनके देश (ईरान, सीरिया, अफगानिस्तान) वापस भेज देंगे। उनके इस बयान पर सुनक ने उन्हें तुरंत घेर लिया।

सुनक ने कहा, क्या स्टार्मर ईरान में खामेनई के साथ बैठक करेंगे? क्या वे तालिबान के साथ इससे जुड़ी डील कर पाएंगे? ये सिर्फ बकवास बातें हैं। आप जनता को मूर्ख समझना बंद कर दीजिए। सुनक ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद जुलाई में ही अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा।

उन्होंने जनता से अपील की कि वे देश की सुरक्षा को लेबर पार्टी के आगे गिरवी न रखें। इसके बाद स्टार्मर ने कहा कि सुनक का रवांडा प्लान अगर शुरू हो भी गया तो अवैध प्रवासियों को देश से बाहर भेजने में 300 साल लग जाएंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक जब ये दोनों नेता बहस कर रहे थे तब बाहर फिलिस्तीन के समर्थन में कई लोग नारे लगा रहे थे। उनकी आवाज बहस के दौरान साफ सुनाई दे रही थी।

YouGov पोल के मुताबिक इस बहस में दोनों ही कैंडिडेस ने बराबर 50 फीसदी प्वांइट हासिल किए। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में विश्लेषकों ने ये दावा किया कि सुनक अपने विरोधी से काफी आगे रहे।

बेस्ट फॉर ब्रिटेन एनालिसिस ने अपने चुनाव सर्वे में दावा किया है कि संसदीय चुनाव में क्क्रसुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार झेलनी पड़ेगी। इसमें कहा गया है कि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कम से कम 250 सीटों का नुकसान होगा। लेबर पार्टी 468 सीटों के साथ जीत जाएगी।

## राष्ट्रपति का 50 मिनट का अभिभाषण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के चौथे दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। 50 मिनट के भाषण में राष्ट्रपति ने हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा- पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताईं। नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा- अगले बजट सत्र में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताया, यह भी कहा- देश ने इस हमले से उबरकर दिखाया। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की तारीफ की, वहीं जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया। आप सांसद संजय सिंह की अगुआई में पार्टी नेताओं ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रपति का अभिभाषण पूरा हो गया है। उन्होंने 50 मिनट भाषण दिया अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनके भाषण के मुख्य अंशों का अंग्रेजी वर्जन पढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति बोलीं- इस संकल्प की सिद्धि में अवरोध न हो ये हम सभी का दायित्व और कर्तव्य है। जब संसद सुचारू चलती है, स्वस्थ्य चर्चा होती है। लोगों का विश्वास पूरी व्यवस्था पर बढ़ता है। जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो इसमें आपकी भी सहभागिता होगी।



# बिरला से मिले राहुल, इमरजेंसी के जिक्र पर नाखुशी जताई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के संबोधन में इमरजेंसी के जिक्र पर विवाद हो रहा है। इसी मुद्दे पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार 27 जून को बिरला से मुलाकात की। राहुल ने उनसे आपातकाल का जिक्र करने पर नाखुशी जताई। राहुल ने ये भी कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक मुद्दा है, इससे बचा जा सकता था। राहुल के साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव, डीएमके की कनिमोझी, एनसीपी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले, आरजेडी की मीसा भारती, टीएमसी के कल्याण बनर्जी और आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन समेत अन्य सांसद बिरला से मिलने पहुंचे थे। इस बीच, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि संसद के इतिहास में अध्यक्ष का पद अभूतपूर्व है। एक नवनिर्वाचित स्पीकर के पहले कर्तव्यों में से एक के रूप में अध्यक्ष की ओर से यह (इमरजेंसी का जिक्र) आना और भी गंभीर हो जाता है। वेणुगोपाल ने ये भी लिखा कि मैं इसे संसद की संस्थागत विश्वसनीयता पर प्रभाव डालने वाले एक बहुत ही गंभीर मामले के संदर्भ में लिख रहा हूं। मैं, कांग्रेस की तरफ से संसदीय परंपराओं के इस उपहास पर अपनी गहरी चिंता जताता हूं। स्पीकर चुने जाने के बाद पीएम मोदी ओम बिरला को बधाई देने पहुंचे। उनके साथ राहुल गांधी भी पहुंचे।



# अखिलेश का पीएम पर तंज, कहा- सेंगोल को प्रणाम करना भूले




**उत्तर प्रदेश ( एजेंसी )।** संसद में सेंगोल पर एक बार फिर से विवाद शुरू हो गया है। गुरुवार को संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पीएम मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि जब पहली बार सेंगोल लगा था, तो प्रधानमंत्री ने इसे प्रणाम किया था। लेकिन इस बार शपथ के दौरान प्रणाम करना भूल गए, इसी को याद दिलाने के लिए हमारे सांसद ने ये बयान दिया। अखिलेश के बयान के बाद केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी का जवाब आया है। अनुप्रिया ने पूछा- जब संसद में सेंगोल स्थापित हुआ, तब सपा सांसद कहां थे? बुधवार को मोहनलालगंज से सपा सांसद आरके चौधरी ने संसद से सेंगोल हटाने की मांग की थी। उन्होंने स्पीकर को लेटर लिखकर कहा था कि सेंगोल राजदंड, राजतंत्र का प्रतीक है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है। किसी राज-रजवाड़े का महल नहीं। इसलिए, संसद से सेंगोल हटाकर संविधान की विशाल प्रति लगवानी चाहिए। पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम् ने कहा- सपा का बस चले तो यह सेंगोल ही क्यों यह तो सनातन,संविधान और भारत की संसद को ही हटा सकते हैं।

## नीट स्नातक मामला-सुप्रीम कोर्ट ने ओएमआर शीट को लेकर एनटीए को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जानना चाहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक निजी कोचिंग सेंटर और कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नई याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया तथा इन याचिकाओं पर सुनवाई लंबित मामलों के साथ आठ जुलाई के लिए निर्धारित कर दी। कोचिंग संस्थान और अभ्यर्थियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बसंत ने दलील दी कि परीक्षा में शामिल हुए कुछ अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट नहीं मिली हैं। पीठ ने सुनवाई शुरू होते ही बसंत से पूछा कि एक निजी कोचिंग संस्थान अनुच्छेद 32 के तहत उच्चतम न्यायालय में कैसे याचिका दाखिल कर सकता है और किस तरह से संस्थान के मौलिक अधिकार प्रभावित होते हैं। एनटीए की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों को दे दी गई हैं।



## केसी वेणुगोपाल ने ओम बिरला को लिखा पत्र

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को जून 1975 में लगाए गए आपातकाल के संबंध में संसद में दिए गए उनके बयान को लेकर एक पत्र लिखा। उन्होंने इसे एक गंभीर मामला बताया, जिससे संसद की विश्वसनीयता पर असर पड़ा है। कांग्रेस सांसद ने लिखा, मैं यह पत्र संसद की संस्था की विश्वसनीयता पर प्रभाव डालने वाले एक बहुत गंभीर मामले के संदर्भ में लिख रहा हूं। कल यानी 26 जून 2024 को, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में आपके चुनाव पर बधाई देने के समय सदन में सामान्य सौहार्दपूर्ण माहौल था, जैसा कि ऐसे अवसरों पर होता है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष की बताते हुए लिखा, हालांकि, इसके बाद जो हुआ, जो कि आपके स्वीकृति भाषण के बाद अध्यक्ष की ओर से आधी सदी पहले आपातकाल की घोषणा के बारे में किया गया उल्लेख है, वह बेहद चौंकाने वाला है।

## बीजेपी को दिल्ली बचाना है तो नीतीश जी को कुर्सी पर बैठाए रखना होगा-प्रशांत किशोर

**पटना ( एजेंसी )।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भाजपा की मजबूरियों पर बात करते हुए कहा कि देश में लोकसभा का रिजल्ट ऐसा आया है कि क्ख्नक्क वाले चाहें भी तो नीतीश कुमार को नहीं हटा सकते हैं। आलम देखिए तो बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को हटाने के लिए कमर कस ली है। बीजेपी को दिल्ली बचाना है तो नीतीश जी को कुर्सी पर बैठाए रखना होगा। इसके अलावा अगर नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाए रखना है तो बिहार बीजेपी से छूट जाएगी। जन सुराज प्रशांत किशोर ने नीट पेपर लीक मामले पर अपना रोष जाहिर करते हुए कहा कि बीते 2 दिन पहले मुझे 1 लड़के ने बताया कि पेपर लीक हुआ है। जो बच्चे दिन रात अपना हाड़ मांस गला कर पढ़ाई कर रहे हैं, उनका पेपर लीक हो गया, उसकी चिंता किसी नेता को नहीं है। पढ़े-लिखे लड़के मुंबई में, दिल्ली में जाकर मजदूरी कर रहे हैं और देखने वाली बात ये है कि 9वीं फेल नेता का लड़का तेजस्वी यादव बिहार में राज कर रहे हैं। बिहार के सभी लोगों को वो ज्ञान दे रहे हैं कि हमें गद्दी में बैठा दो तो हम सबको नौकरी दे देंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं बिहार के युवाओं से पूछना चाहता हूं कि आपको नौकरी चाहिए या अधिकार? नौकरी चाहिए या राज? बिहार के लोगों को नौकरी नहीं चाहिए, अब हमें राज चाहिए।

## बिहार में थम नहीं रहा है पुलों के धराशाई होने का सिलसिला, किशनगंज में 70 मीटर लंबे ब्रिज का पिलर ढहा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढ़हने की अपनी तरह की चौथी घटना में गुरूवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा,'' यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है। पुल के खंभों में से एक तेज धारा का सामना नहीं कर सका। सिंगला ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आवाजाही को रोकने के लिए पुल के दोनों छोर पर 'बैरिकेडिंग% (अवरोधक लगाना) की गई है।



## राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा आपातकाल का उल्लेख किये जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक है और इसे टाला जा सकता था। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी, जिस दौरान राहुल गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल लागू किये जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, यह एक शिष्टाचार भेंट थी। अध्यक्ष ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया और इसके बाद उन्होंने अन्य भारतीय गठबंधन सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से मुलाकात की। यह पूछे जाने पर कि क्या गांधी ने सदन में उठाए जा रहे आपातकाल के मुद्दे पर चर्चा की? वेणुगोपाल ने कहा, हमने संसद के कामकाज के बारे में कई चीजों पर चर्चा की। बेशक, यह मुद्दा भी उठा। कांग्रेस नेता ने कहा, विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल जी ने इस मुद्दे के बारे में अध्यक्ष को जानकारी दी और कहा कि इसे अध्यक्ष के संदर्भ से टाला जा सकता था।

# राष्ट्रपति से झूठ बुलवाकर अपनी वाहवाही करवा रहे पीएम मोदी-खरगे



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के, ''मोदी सरकार लिखित अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से 'झूठ बुलवाकर% अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता उन्हें नकार चुकी है। खरगे ने यह भी कहा कि अभिभाषण में महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर में हिंसा और जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों जैसे प्रमुख मुद्दों का उल्लेख नहीं था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अठारहवीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को बृहस्पतिवार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है और छह दशक बाद ऐसा हुआ है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रपति के, मोदी सरकार द्वारा लिखित अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा जैसे मोदी जी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

# नीतीश ने वाल्मीकिनगर में सभागार एवं अतिथि गृह का किया लोकार्पण

**पटना ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिमी चंपारण जिला स्थित वाल्मीकि नगर में वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह प्रांगण में पौधारोपण भी किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीटिंग रूम, लिफ्ट लॉबी, बहुउद्देश्यीय हॉल आदि का मुआयना कर भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का मेंटेनेंस ठीक ढंग से होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसका काफी सुंदर तरीके से निर्माण हुआ है। इसके बन जाने से अब यहां आने वाले पर्यटकों के आवासन में सुविधा होगी। यहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है, इसको ध्यान में रखते हुए इसका निर्माण कराया गया है। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर राज्य सरकार बिहार के हर क्षेत्र का विकास कर रही है। भवन निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई।



# भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल में पड़ सकता है बारिश का खलल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रोहित शर्मा की अगुवाई में सुपर-8 के अपने तीनों मैच जीतकर नॉकआउट चरण में पहुंची भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगी। गुरुवार को ये मैच गुयाना की प्रोविडेंस स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे खेला जाएगा। गुयाना में ये स्टेडियम 2006 में तत्कालीन वनडे वर्ल्ड कप 2007 के लिए बनाया गया था। जिस कारण पिछले कुछ समय से इसे गुयाना का राष्ट्रीय स्टेडियम माना जाता है। भारत और इंग्लैंड ने अपने-अपने सुपर 8 ग्रुप में टॉप दो स्थान पर रहेने के बाद योग्यता हासि की है। टीम इंडिया ग्रुप 1 की टॉप टीम है जबकि इंग्लैंड ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही। हालांकि, इस मैच से पहले खबर है कि बारिश फैंस की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। एक्कावेदर के अनुसार, मैच के दौरान बारिश की संभावना बनी हुई है। इस मैच की शुरुआत में भी देरी हो सकती है क्योंकि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे गुयाना में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बारिश की 35 से 68 प्रतिशत संभावना बनी हुई है, और पूरे मैच के दौरान गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम पर बादल छाए रह सकते हैं। भारती बारिश की उम्मीद तो नहीं है, लेकिन तेज बारिश के कारण लगातार देरी हो सकती है। वहीं अगर भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो जाता है तो इसके लिए कोई रिजर्व डे नहीं है। हालांकि, मुकाबले के लिए 250 अतिरिक्त मिनट जरूर दिए गए हैं। ऐसे में मुकाबले के पूरा होने के कारण काफी समय होगा।

# कोई भी इस पिच पर सेमीफाइनल मैच नहीं खेलना चाहेगा, अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने पिच की आलोचना की

**तारोबा ( एजेंसी )।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नहीं थी। इस पिच से तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिल रहा था और इसमें अनिश्चित उछाल दी थी। अफगानिस्तान की टीम इस पिच पर केवल 56 रन बनाकर आउट हो गई जो टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूनतम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर दिया लेकिन उसके बल्लेबाजों को भी संघर्ष करना पड़ा। ट्रॉट ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैंअंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा।'' इंग्लैंड के




पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा,''मुकाबला बराबरी का होना चाहिए। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं कि यह सपाट होनी चाहिए जिसमें स्पिन या सीम मूवमेंट न हो। मेरे कहने का मतलब है कि आपको बल्लेबाजों की भी चिंता होनी चाहिए। बल्लेबाजों को अपने पांव के मूवमेंट पर विश्वास होना चाहिए और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।'' ट्रॉट ने कहा,''टी20 का खेल आक्रामकता तथा रन बनाने और विकेट लेने से जुड़ा है। यह प्रारूप क्रीज पर टिके रहने के लिए नहीं बना है।'' तारोबा में विश्व कप के पांच मैच खेले गए जिनमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम केवल एक बार 100 रन के पार पहुंची। मेजबान वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 149 रन बनाए और उसका सफलतापूर्वक बचाव भी किया।

# गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चैंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है।

कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर वर्ल्ड रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के गोल्ड पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने पीटीआई को बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहार्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। ये देखना होगा कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ तूर की नवीनतम समस्या से कैसे निपटता है क्योंकि अधिकारी अभी तक इस बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं।

# साउथ अफ्रीका टीम ने रचा इतिहास, अफगानिस्तान को दी 9 विकेट से मात पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने नाम की मुहर लगा दी है। साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

बता दें कि, ये पहली बार है जब अफ्रीकी टीम टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है, इसके साथ ही टीम ने इतिहास भी रच दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुअ अफगान टीम महज 56 गेंदों पर धराशाही हो गई, जिसके जवाब में अफ्रीकी टीम ने आसानी से इस टारगेट को चेज कर लिया। साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। वहीं कप्तान एडम माक्ररम ने 23 रन बनाए। ये दोनों खिलाड़ी अंत तक आउट नहीं हुए और महज 8.5




ओवर्स में ही टारगेट को चेज कर लिया। टीम की शुरुआत बेहद ही खराब रही। जब क्विटंन डिकॉक सिर्फ 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए उन्हें फजलहक फारूकी ने अपना शिकार बनाया। इसके साथ ही अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो बाद में गलत साबित हुआ। टीम के बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे और कोई भी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन नहीं कर सका। अजमतुल्लाह उमरजई ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए थे, उन्होंने 10 रन बनाए। जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज, नूर अहमद और मोहम्मद नबी अपना खाता तक नहीं खोल पाए। इसी कारण से अफगानिस्तान टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और महज 56 रनों पर ही समिट गई। टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया ये सबसे कम स्कोर है। दूसरी तरफ साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ था। मार्को जेसन ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं तबरेज शम्सी ने भी तीन विकेट अपने नाम किए। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्खिया ने 2-2 विकेट चटकाए।

# क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया



**कोलंबो ( एजेंसी )।** श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा ,''अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं।'' उन्होंने कहा ,''श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'' श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी जो आईसीसी टूर्नामेंट में उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है।

# ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला एथलीट हैं पीटी उषा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वर्तमान समय में हमारे देश में कई ऐसी महिला एथलीट हैं, जो देश का नाम रोशन कर रही हैं। महिला एथलीट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन कर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर रही हैं। एक ऐसी ही महिला एथलीट पीटी उषा हैं, जिन्होंने अपने देश का नाम रोशन किया और देश की हजारों-लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनीं। आज यानी की 27 जून को पीटी उषा अपना 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। वैसे तो पीटी उषा किसी पहचान की मोहताज नहीं है, वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला एथलीट बनीं। उन्होंने अपने संघर्षों का सामना करते हुए अपना करियर चुना और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर महिला एथलीट पीटी उषा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

केरल के कोझीकोड जिले में स्थित पयोली गांव में 27 जून 1964 को पीटी उषा का जन्म हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनका जीवन गरीबी और अभाव में बीता। बता दें कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने दौड़ना शुरू कर दिया। वहीं जब वह चौथी कक्षा में पढ़ रही थीं, तो उनके टीचर ने उनसे जिले के चैंपियन मुकाबले में हिस्सा लेने को कहा। इस कॉम्पटीशन में पीटी उषा ने जिला चैंपियन को हराया था, जो उनके ही स्कूल में पढ़ाई करती थी। इस जीत के बाद वह अपने स्कूल के लिए जिला स्तर के मुकाबले में शामिल होने लगीं।

# सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड

**दुबई ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। ऑस्ट्रेलिया हालांकि टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं।




वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दूसरे स्थान हैं। जोश हेजलवुड तीन स्थान के फायदे से वानिंदु हसरंगा के बाद चौथे स्थान पर हैं। मार्कस स्टोइनिस ने संक्षिप्त समय तक शीर्ष पर रहने के बाद ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष स्थान श्रीलंका के हसरंगा को गंवा दिया है। स्टोइनिस चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी दूसरे और भारत के हार्दिक पंड्या तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ऑलराउंडरों की सूची में सबसे अधिक 17 स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर हैं।

# आईसीसी ने बल्ला जमीन पर फेंकने के लिए राशिद खान को फटकार लगाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान अपने साथी करीब जनत के रन लेने से मना करने के बाद हताशा में बल्ला जमीन पर फेंकने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के अंतिम ओवर में घटी, जब जनत के दूसरा रन लेने से मना करने के बाद राशिद अपना आपा खो बैठे। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, ''राशिद को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने से संबंधित है।''

# इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया में बदलाव की संभावना कम, ऐसी हो सकती है भारत की प्लेइंग इलेवन




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गुरुवार यानी 27 जून को भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। ये हाईवोल्टेज मुकाबला 27 जून को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। गयाना में खेले जाने वाले इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें जीत तोड़ मेहनत कर रही हैं। एडिलेड ओवल मैदान पर 10 नवंबर 2022 को इंग्लैंड ने भारत को सेमीफाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई थी। करीब 16 महीने बाद ये दोनों टीमें फिर से एक बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भिड़ेंगी। भारतीय टीम को उस वक्त इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या भी अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डक आउट हुए थे। इस टूर्नामेंट में अभी तक उनके बल्ले से अर्धशतकीय पारी तक नहीं निकली है। अभी तक 6 मैचों में उन्होंने 01,04, 00, 24, 37 और 00 का स्कोर ही कर पाए, लेकिन अब इंग्लैंड के खिलाफ फैंस उनसे विराट पारी की उम्मीद कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे बड़ी ताकत उसकी गेदंबाजी रही है और गेंदबाजी में उसके पास कम से कम 6 विकल्प मौजूद हैं। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह जहां नई गेंद से विरोधियों के लिए काल बने हुए हैं वहीं हार्दिक ने तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका अभी तक अच्छे से निभाई है।

भारत-रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

इंग्लैंड- जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट, मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, विल जैक्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल रशीद, मार्क वुड।

# श्रीलंका के खेलमंत्री ने कहा, नाइट क्लब जाने से टी20 विश्व कप से बाहर नहीं हुई टीम

कोलंबो। श्रीलंका के खेलमंत्री हारिन फर्नांडो ने सोमवार को आलोचकों से कहा कि वे साबित करके दिखायें कि श्रीलंकाई क्रिकेट टीम कथित तौर पर नाइट क्लब जाने के कारण टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर हो गई। श्रीलंका ग्रुप डी में तीसरे स्थान पर रहने के बाद सुपर आठ चरण में नहीं पहुंच सकी।

# डरना मना है, पहली बार फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान माक्ररम ने टीम से कहा




**तारोबा ( एजेंसी )।** दक्षिण अफ्रीका को पहली बार टी20 विश्व कप फाइनल में ले जाने वाले कप्तान एडेन माक्ररम ने खिलाड़ियों से शांतचित्त रहने और खिताबी मुकाबले से नहीं डरने का आग्रह किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराया। अब फाइनल में उसका सामना इंग्लैंड या भारत से होगा। मैच के बाद माक्ररम ने कहा ,'' यह हमारे लिये अगला कदम है। फाइनल हम पहली बार खेलने जा रहे हैं लेकिन डरने की कोई बात नहीं है।'' उन्होंने कहा ,'' यह जीत हमारे लिये काफी मायने रखती है। हमारे पास कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं लेकिन इस तरह के प्रदर्शन के लिये पूरी टीम को एक ईकाई के रूप में खेलना होता है।'' अफगानिस्तान को 56 रन पर समेटने वाले अपने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा ,'' हमने शानदार गेंदबाजी की। सही जगहों पर गेंद डाली। गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।'' माक्ररम ने कहा ,'' इन हालात में बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। किस्मत ने हमारा साथ दिया कि हम साझेदारी निभा सके। कुछ मुकाबले करीबी रहे और दक्षिण अफ्रीका में भोर में उठकर मैच देखने वालों की सांसें थम गई होगी लेकिन शुक्र है कि आज ऐसा नहीं हुआ।'' प्लेयर आफ द मैच मार्को जेनसन ने कहा कि उनका फोकस सही जगहों पर गेंद डालने पर था। उन्होंने कहा ,'' शानदार लग रहा है। हमने अच्छा खेला और रणनीति पर बखूबी अमल किया। हम सही जगहों पर गेंद डालने पर ही फोकस कर रहे थे।

## अगली बैठक तक लक्ष्य पूरे नहीं हुये तो कटेगा 15-15 दिन का वेतन

# कलेक्टर ने की ग्रामीण विकास योजनाओं के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अधिकारियों और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा मनरेगा के उपयंत्रियों की बैठक लेकर मनरेगा, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य योजनाओं के अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी जनपद में अपूर्ण कार्यों की उपयंत्री वार समीक्षा करते हुए अगले महीने की समीक्षा बैठक से पूर्व अपूर्ण कार्यों के लक्ष्य देते हुए कहा कि एक माह में लक्ष्य को पूरा नहीं करने पर सभी उपयंत्रियों की 15-15 दिवस की वेतन काट ली जाएगी। मनरेगा के लेबर बजट की लक्ष्य प्राप्ति नहीं होने पर कलेक्टर ने मनरेगा के सभी एपीओ को संविदा सेवा समाप्त करने की नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल, जनपद के सीईओ, एपीओ, एसडीओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे।





कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जनपद पंचायत मझगवां, नागौद, सोहावल, उचेहरा, रामपुर बघेलान में पदस्थ मनरेगा के उपयंत्री वार चल रहे और अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण कार्यों के हिसाब से 40-50 प्रतिशत अपूर्ण कार्य अगले माह तक पूरा करने का लक्ष्य भी दिया है। उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य दिए जा रहे हैं उन्हें गंभीरता से लेकर पूर्ण करने का प्रयास करें। अन्यथा कि स्थिति में संविदा समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही 15-15 दिवस का वेतन भी काटा जाएगा। मनरेगा और जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्राम पंचायतो में नये काम स्वीकृत नहीं करने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के अमले की फील्ड में प्रेजेन्स दिखनी चाहिये। ग्राम पंचायत में उपयंत्री जाकर ग्राम पंचायत में हो सकने वाले कार्यों की कार्य योजना और इस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को समय पर पूरा करें। लेबर बजट की समीक्षा करते हुए प्रत्येक जनपद में हजारों एक्टिव लेबर होने के बावजूद जनपद पंचायत में 100 दिवस का रोजगार मुहैया कराये गये अति न्यून श्रमिकों की संख्या पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी प्रकट की।

पोषण वाटिका के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि पोषण वाटिका को संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी केंद्रों से मैपिंग करें और सब्जी अथवा फल के उत्पादन को केंद्र के बच्चों को पोषक आहार के रूप में उपलब्ध करायें। अमृत सरोवर और पुष्कर धरोहर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन संरचनाओं को उपयोगी बनायें। उन्होंने कहा कि बरसात के समय किसी भी निर्मित जल संरचना के टूट-फूट या बहने की घटना नहीं होनी चाहिए। जल संरचनाओं के वेस्ट बियर समुचित रूप से होने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई जल संरचना क्षतिग्रस्त होगी तो संबंधित उपयंत्री पर जिम्मेदारी निर्धारित कर निलंबित किया जाएगा। मनरेगा के लेबर बजट की लक्ष्य प्राप्ति नहीं होने और न्यूनतम संख्या में मजदूरों को 100 दिवस का और रोजगार उपलब्ध कराने पर कलेक्टर ने सभी विकासखंडो के एपीओ को संविदा समाप्त करने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

गौशालाओं के निर्माण की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्मित गौशालाएं संचालित होनी चाहिए और उनमें सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश पशुओं को रखा जाए। गौशालाओं का पंजीयन गौसंवर्धन बोर्ड में करायें। अपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 300 से अधिक संख्या में अपूर्ण कार्य लंबित रहने वाले उपयंत्रियों की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतो के दफ्तर प्रतिदिन खुले और सचिव तथा रोजगार सहायक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। आजीविका मिशन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सुनिश्चित करें कि स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा दिए जाने वाले कामों का संचालन महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य ही करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा भी की।

## अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं को दिया गया निर्वाचन व्यय प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के उपरांत 30 दिवस के अंदर निर्वाचन व्यय लेखा के बिल, व्हाउचर की मूल प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय का उपलब्ध करानी होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में सतना लोकसभा क्षेत्र के लिये निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर नीरज खरे ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं को अनुलग्नकों और प्रपत्र (भाग 1 से 4) में निर्वाचन व्यय की जानकारी भरने के संबंध में जानकारी दी। उन्होने कहा कि सभी अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के लेखे की फाइलिंग कर दाखिल किये जाने वाले फार्म व शपथ पत्र, अनुसूचियों, व्हाउचर्स, बैंक स्टेटमेंट एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों की हस्ताक्षरित प्रति के साथ निर्वाचन व्यय लेखा नियत तिथि तक जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करायें। बैठक में अभ्यर्थी, अभिकर्ता एवं व्यय लेखा कार्मिक उपस्थित रहे।

# मैहर का शार्प शूटर युवक लुधियाना में गिरफ्तार

## नागपुर के प्रेस फोटोग्राफर हत्याकांड में शामिल था, प्रेमिका से अवैध संबंधों के शक में की थी हत्या

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नागपुर में हुए फोटोग्राफर हत्याकांड के मामले में मैहर का युवक लुधियाना से पकड़ा गया है। इससे पहले नागपुर पुलिस ने उसके दो भाइयों को भी मैहर पहुंच कर हिरासत में लिया था। बताया जा रहा है कि नागपुर के सदर थाना अंतर्गत राजनगर निवासी फोटोग्राफर विनय पुणेकर की हत्या के चर्चित मामले में पुलिस ने मैहर निवासी आरोपी हेमंत शुक्ला को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है।



हेमंत ने 24 फरवरी को प्रेस फोटोग्राफर विनय पुणेकर उर्फबबलू को राजनगर नागपुर स्थित उसके घर मे घुस कर दिन दहाड़े गोली मार दी थी। जिससे विनय की मौत हो गई थी। इस मामले में नागपुर पुलिस ने मैहर निवासी हेमंत शुक्ला को संदेह के दायरे में लेकर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने हेमंत की प्रेमिका से भी पूछताछ की थी।

जिसमें पता चला था कि प्रेमिका ने हेमंत को विनय के घर के पास छोड़ा था। कई जगह छापेमारी के बाद भी नागपुर पुलिस को हेमंत की लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। जिसके बाद पुलिस की एक टीम ने मैहर पहुंच कर हेमंत के दो भाइयों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। भोपाल से भी उसके करीबियों को रडार पर लिया गया था।

उन सब के कॉल डिटेल्स भी खंगाले गए थे। जिसके जरिए पुलिस को हेमंत के पंजाब के लुधियाना में होने की जानकारी मिली थी। नागपुर की सदर थाना पुलिस ने लुधियाना में स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश देकर हेमंत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हेमंत को शक था कि उसकी प्रेमिका के साथ फोटोग्राफर विनय पुणेकर के अवैध रिश्ते हैं।

इसी संदेह पर उसने गोली मारकर विनय की हत्या कर दी। बताया जाता है कि विनय पुणेकर उर्फ बबलू सैमुअल (54) पहले प्रेस फोटोग्राफर के तौर पर काम करता था। हालांकि बाद में वह फैशन फोटोग्राफी करने लगा था। वह मॉडलिंग प्रोफाइल के फोटो शूट भी करता था। उसने कई लड़कियों के फोटो शूट भी किए थे। जिनमें अपने पति से अलग रहने वाली उसकी प्रेमिका भी शामिल थी। प्रेमिका के संबंध हेमंत से भी थे।

## ऊर्जा मंत्री आज मैहर और चित्रकूट के प्रवास पर रहेंगे



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 28 जून को मैहर और चित्रकूट में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री तोमर 28 जून को प्रातः 9 बजे मैहर जिले के ग्राम अमदरा में स्थानीय निवासियों से संवाद करेंगे और मैहर के लिये प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9:30 बजे मैहर पहुंचकर मां शारदा मंदिर में देवी दर्शन करेंगे। इसके उपरांत प्रातः 11:30 बजे चित्रकूट के लिये प्रस्थान करेंगे। मंत्री तोमर दोपहर 1:30 बजे चित्रकूट पहुंचेंगे।

## पंजीकृत श्रमिकों के लिये 2 नई योजनायें प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिये 2 नई योजनाऐं प्रारंभ की गई है। पहली भवन एवं अन्य संनिर्माण दिव्यांग सहायता अनुदान योजना एवं दूसरी भवन एवं अन्य संनिर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना।

पंजीकृत श्रमिकों को ई-स्कूटर की खरीदी के लिये क्रय मूल्य का 50 प्रतिशत (जो कि अधिकतम 40 हजार रूपये होगा) की सहायता दी जायेगी। जबकि दिव्यांगजन श्रमिकों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यो की दिव्यांगता की स्थिति में मोटर चलित तीन पहिया साइकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि (जो कि अधिकतम 35 हजार रूपये होगी) प्रदान की जायेगी। इसके लिये श्रम विभाग द्वारा 14 जून 2024 को राजपत्र में प्रकाशन किया गया है।

योजना की शर्तों के अनुसार दिव्यांग श्रमिक के पास 40 प्रतिशत दिव्यांगता का यूडीआईडी स्थाई कार्ड होना चाहिये, जो कि 1 अप्रैल 2023 या इसके पश्चात् बना हो। मोटर चलित साईकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण आर्टिफिशियल लीम्ब्रा मेनुफेक्करिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा निर्मित होने चाहिये। पंजीकृत श्रमिक एवं उसके परिवार के एक सदस्य को सिर्फ एक बार इस योजना का लाभ मिलेगा। कर्मकार कल्याण मण्डल के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने पर इस योजना का लाभ 30 दिन के अंदर मिलेगा। ई-स्कूटर के लिये निर्माण श्रमिक का पंजीयन 5 साल पुराना होना अनिवार्य होगा। ई-स्कूटर के आरटीओ में रजिस्ट्रेशन का खर्च आवेदक श्रमिक को ही उठाना होगा। क्रय करने के बाद कर्मकार मंडल के पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदन करना होगा। जिसमें क्रय बिल, रजिस्ट्रेशन कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस अपलोड करना होगा। 10 दिन के अंदर डीबीटी के तहत अनुदान राशि आवेदक के बैंक खाते में भेजी जायेगी।

एक वित्त वर्ष में एक हजार श्रमिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा तथा इसमें 60 ई-स्कूटर दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रहेंगे। शेष आवेदको को अगले वित्त वर्ष में योजना का लाभ दिया जायेगा। उक्त दोनो योजनाओं में क्रय के बाद गोटर चलित साईकिल एवं ई-स्कूटर 03 वर्ष तक बेची नही जा सकेगी तथा उस पर अनिवार्य रूप से लिखना होगा कि कर्मकार कल्याण मण्डल के अनुदान से क्रय किया गया है। उक्त योजनाओं के लिये पदाभिहीत अधिकारी सहायक श्रमायुक्त, श्रम पदाधिकारी, सहायक श्रम पदाधिकारी को नियुक्त किया गया है। योजना के लिये आवेदन जिला श्रम कार्यालय में किया जाएगा।

## जिला चिकित्सालय में आयोजित हुआ हेल्दी स्टेप-हेल्दी लाइफकैंप

### क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का किया गया इलाज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने बताया कि गुरुवार को जिला चिकित्सालय सतना में क्लबफुट से पीड़ित बच्चो के पंजीयन एवं उपचार के लिये हेल्दी स्टेप-हेल्दी लाइफकैंप आयोजित किया गया। कैंप में में अस्थि विशेषज्ञ डॉ प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा क्लब फुट के 7 बच्चों का पोनसेटी विधि से इलाज किया गया। 4 बच्चों को जूते प्रदान किये गये एवं 5 बच्चों को मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है। कैंप में 16 बच्चों का किया गया था। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ मनोज शुक्ला, डॉ शरद दुबे, डॉ निर्मला पांडेय सहित अस्पताल के चिकित्सगण उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को जिला अस्पताल सतना में क्लबफुट का आयोजन किया जाता है। जिसमें अनुष्का फाउंडेशन द्वारा बच्चों को जूते निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं।

### अपर मुख्य सचिव आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

**सतना निप्र।** रीवा संभाग के प्रभारी तथा अपर मुख्य सचिव वन जेएस कंसोटिया की अध्यक्षता में 28 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार रीवा में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है।

# कोठी पुलिस ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

## सतना से ले जाई जा रही थी खेप, 19 भैंस और 60 लीटर शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मवेशियों की तस्करी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच कोठी थाना पुलिस ने गुरुवार को एक ट्रक जब्त कर 19 नग भैंस और 60 लीटर अवैध शराब जब्त की है। मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, कोठी थाना पुलिस ने चित्रकूट रोड पर सोनौर मोड़ के पास ट्रक नंबर एमपी 19 एचए 0092 को क्रूरता पूर्वक परिवहन कर ले जाए जा रहे मवेशियों के साथ पकड़ा है। ट्रक में 19 नग भैंस लोड थी जबकि 60 लीटर शराब भी प्लास्टिक के डिब्बों में भरी रखी हुई पाई गई। मवेशियों की



तस्करी करते पकड़े गए ट्रक के साथ अशरफ अली पिता शौकत अली (32) निवासी टिकरिया थाना मारकुंडी उप्र तथा राजा रैकवार पिता फूलचंद रैकवार (36) निवासी खूंथी थाना सिटी कोतवाली सतना को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि ट्रक में मवेशियों को लोड कर ले जाए जाने की सूचना मिली थी लिहाजा कोठी-चित्रकूट मार्ग पर चेकिंग लगाई गई थी। इसी दौरान सतना की तरफ से ट्रक नंबर एमपी 19 एचए 0092 आता दिखाई पड़ा। उसे रोका गया तो ड्राइवर-क्लीनर ने भागने की कोशिश की। लेकिन जब तलाशी ली गई तो ट्रक में 19 नग भैंस और 60 लीटर हाथ भट्टी की महुआ शराब लोड मिली।

गौरतलब है कि विहिप-बजरंग दल ने पिछले दिनों गौ वंश-मवेशियों की तस्करी के खिलाफ प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। बजरंग दल के लोगों ने मवेशियों की तस्करी में लगे कुछ ट्रकों के नंबर भी सार्वजनिक किए थे। कोठी पुलिस के हाथ गुरुवार को लगे इस ट्रक का नंबर भी उस लिस्ट में शामिल था।

### जन्म प्रमाण-पत्र बनवाना हुआ अनिवार्य

## नवीन पोर्टल पर ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाने की सुविधा मिलेगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 द्वारा 11 अगस्त 2023 से प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा जो कि बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस इत्यादि के लिये आवश्यक होगा। जन्म प्रमाण-पत्र जन्म स्थान एवं जन्म तारीख का वैधानिक दस्तावेज होगा। संशोधित अधिनियम-2023 के आधार पर भारत के महारजिस्ट्रार तथा म.प्र. के मुख्य रजिस्ट्रार के निर्देशन मे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये नवीन पोर्टल 'रीवैम्प्ड' विकसित किया गया है। इस पोर्टल से आमजन सीधे ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र अपने ई-मेल पर प्राप्त कर सकेंगे। यह पोर्टल यूजर फ्रेंडली और बहुत सरल है। पोर्टल पर आवेदक द्वारा दिया गया डाटा पोर्टल पर सुरक्षित भी रहेगा। नवीन पोर्टल संचालन के संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में जनगणना कार्यालय निदेशालय भोपाल से आये प्रशिक्षक श्रीमती प्रेमा नायर और अभिषेक सिंह ठाकुर द्वारा जिले के रजिस्टारों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला रजिस्ट्रार आरके कछवाह, वर्षा गिरि, वीरेंद्र सिंह, मनीष पाठक सहित रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

# एसबीएफ जवान बन कर 99 हजार ठगे

## मकान खरीदने के लिए एडवांस के नाम पर भेजा लिंक, उड़ा दी खाते से रकम

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** अपना घर बेचने की कोशिश में लगे एक शख्स को ऑनलाइन प्रॉपर्टी साइट पर ऑफर डालना महंगा पड़ गया। उसका घर तो नहीं बिका लेकिन इस चक्कर मे वह अपने बैंक खाते में पड़ी जमा पूंजी भी गवां बैठा। फ्रॉड ने उसे 99 हजार रुपयों का चूना लगा दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उत्तरी पतेरी निवासी विकास कुमार मिश्रा को एक फ्रॉड ने एसबीएफ का जवान बन कर ठगी का शिकार बना लिया है।




उसने विकास के मोबाइल फोन पर एक लिंक भेज कर उनके खाते से 99 हजार रुपए उड़ा लिए।

बताया जाता है कि विकास को अपना एक मकान बेचना था लिहाजा उन्होंने मैजिक ब्रिक्स नामक ऑनलाइन साइट पर इस बारे में विज्ञापन-सूचना अपलोड करवाई। इस विज्ञापन के जरिये उनसे अशोक नामक व्यक्ति ने खुद को एसबीएफ का जवान बताते हुए संपर्क किया और तस्दीक के लिए अपना आई कार्ड भी भेजा। उसने मकान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और बातचीत करने लगा।

जब विकास को उस पर विश्वास जम गया और बात मकान के एडवांस तक पहुंची तो उसने फोन के जरिए ऑनलाइन पेमेंट ट्रांसफर की पेशकश की। विकास ने उसे अपना फोन पे नंबर दिया जिस पर कथित बीएसएफ जवान ने एक लिंक भेजी। विकास ने उस लिंक को क्लिक किया जिसके बाद उनके खाते से 99 हजार 5 सौ रुपए उड़ गए। विकास ने इस घटना की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस से की है। पुलिस साइबर सेल के जरिए इसकी जांच कर रही है।

## सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती शिविर आज आईटीआई सतना में

**सतना निप्र।** जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई सतना द्वारा 28 जून को शासकीय आईटीआई सतना में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती के लिये प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से 37 वर्ष आयुवर्ग के बेरोजगार पुरुष आवेदक शामिल हो सकते हैं। सुपरवाइजर पद की भर्ती के लिये 12वीं उत्तीर्ण एवं सुरक्षा जवान पद के लिये शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं पास अथवा फेल निर्धारित की गई है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।